E-PAPER

थिंक राजस्थान

जयपुर
25 अक्टूबर, 2026
रविवार

▪ वर्ष: 1 ▪ अंक: 102 / पृष्ठ 8 / अंग्रेजी/हिन्दी (दैनिक) | सोच नई, राजस्थान के लिए | मूल्य : ₹10 / प्रभात / RNI NO.: RJMUL/26/A4290

Jio IPO के 3 दिन में 7 रिकॉर्ड: देश का सबसे बड़ा इश्यू, टारगेट से 22 गुना ज्यादा बोलियां

मुंबई। 5 सितंबर 2016, रिलायंस ने 'जियो' नाम से फ्री सिम बांटनी शुरू कीं। इतना ही नहीं, अगले 6 महीने इंटरनेट भी मुफ्त दिया। जियो स्टोर्स पर ग्राहकों की लाइन लग गई। दस साल बाद यही जियो जब भारत का सबसे बड़ा IPO लाई, तो लोग एक बार फिर टूट पड़े। जियो दुनियाभर में 1 करोड़ से ज्यादा आवेदन पाने वाला पहला IPO तो बना ही, इसने 3 दिन में 7 रिकॉर्ड बना डाले।

ग्लोबल स्टॉक मार्केट के इतिहास में जियो प्लेटफॉर्म्स पहला ऐसा IPO बन गया है, जिसे 10 मिलियन यानी 1 करोड़ से ज्यादा इंडिविजुअल इन्वेस्टर एप्लीकेशन मिले हैं। इससे पहले यह रिकॉर्ड भारत की ही वारी एनर्जीज के नाम था, जिसे लगभग 97.3 लाख आवेदन मिले थे। ₹30,213 करोड़ के इश्यू साइज के साथ जियो प्लेटफॉर्म्स का IPO भारत के इतिहास का सबसे बड़ा इक्विटी ऑफरिंग बन गया है। इससे पहले हुंडई मोटर इंडिया के नाम यह रिकॉर्ड दर्ज था। एंकर बुक समेत जियो प्लेटफॉर्म्स IPO के लिए कुल शेयर डिमांड ₹7.4 लाख करोड़ रही। पब्लिक सब्सक्रिप्शन कैटेगरी से ₹4.9 लाख करोड़ से ज्यादा की बोलियां मिलीं। डेटा के आधार पर एंकर बुक के बाहर मिली बोलियों की वैल्यू के मामले में यह भारत का सबसे बड़ा IPO बन गया है, जिसने एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया के 2025 IPO के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया है। इसके अलावा एंकर बुक में एंकर इन्वेस्टर्स को एलोकेट ₹8,110 करोड़ के शेयरों के मुकाबले करीब ₹2.5 लाख करोड़ की मांग मिली। पूरा ₹30,213 करोड़ का इश्यू 27 करोड़ नए फ्रेश शेयर्स से मिलकर बना था। ऑफर फॉर सेल (OFS) वाले IPO के विपरीत, इसमें पैरेंट कंपनी रिलायंस इंडस्ट्रीज या स्ट्रैटेजिक निवेशक मेटा और गूगल ने अपनी कोई हिस्सेदारी नहीं बेची है। पहले ही दिन खुलने के 100 मिनट से कम समय में यह इश्यू पूरी तरह सब्सक्राइब हो गया था। इससे पहले ₹15,000 करोड़ से ज्यादा के भारतीय IPO को पूरी तरह भरने में आमतौर पर 2 से 3 दिन का समय लगता था। भारी एप्लिकेशन वॉल्यूम को संभालने के लिए BSE और NSE ने इस IPO के लिए रोजाना बिडिंग के समय में बढ़ोतरी की। आम तौर पर सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक चलने वाली बिडिंग विंडो को इस इश्यू के लिए सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक चलाया गया। ₹1,119 प्रति शेयर के अपर प्राइस बैंड पर, जियो प्लेटफॉर्म्स का पोस्ट-लिस्टिंग मार्केट कैपिटलाइजेशन लगभग ₹10.3 लाख करोड़ रहने का अनुमान है। ट्रेडिंग के पहले ही दिन यह भारत की टॉप 4 या 5 सबसे वैल्यूएबल लिस्टेड कंपनियों में शामिल हो जाएगी।

3 दिन में IPO कुल 22.19 गुना सब्सक्राइब हुआ

NSE के मुताबिक, तीन दिन में यह IPO कुल 22.19 गुना सब्सक्राइब हुआ। निवेशकों ने ऑफर पर रखे गए 19.75 करोड़ शेयरों के मुकाबले 438 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां लगाईं। क्वालिफाइड इंस्टीट्यूशनल बायर्स (QIBs) यानी बड़े निवेशकों ने इस IPO में सबसे ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। उनका रिजर्व हिस्सा 70.55 गुना सब्सक्राइब हुआ, जिसमें 4.9 करोड़ रिजर्व शेयरों के मुकाबले 345.75 करोड़ से ज्यादा शेयरों के लिए बोलियां मिलीं। नॉन इंस्टीट्यूशनल इन्वेस्टर्स (NIIs) का हिस्सा 14 गुना भरा, जहां 3.64 करोड़ शेयरों के मुकाबले 51.03 करोड़ शेयरों की बोली लगी। रिटेल इंडिविजुअल इन्वेस्टर्स (RII) कैटेगरी में 8.5 करोड़ रिजर्व शेयरों के मुकाबले 23.11 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां आईं, जिससे यह हिस्सा 2.72 गुना सब्सक्राइब हुआ।

क्या होता है फ्रेश इश्यू और ऑफर फॉर सेल?

फ्रेश इश्यू: कंपनी नए शेयर जारी कर बाजार से फंड जुटाती है और यह पैसा सीधे कंपनी के व्यापार विस्तार में जाता है।

ऑफर फॉर सेल (OFS): इसमें कंपनी के मौजूदा प्रमोटर्स या निवेशक अपने हिस्से के शेयर बेचकर बाहर निकलते हैं या मुनाफा वसूलते हैं, इसका पैसा कंपनी को नहीं मिलता।

ब्रीफ न्यूज

केरलम राज्यपाल ने पद संभालते ही लोक भवन में नॉनवेज रोका

नई दिल्ली। केरलम के नए राज्यपाल ओम प्रकाश माथुर के पद संभालने के कुछ घंटे बाद ही लोकभवन में मांसाहारी खाना बनाने और परोसने पर रोक लगा दी। कांग्रेस और विपक्षी CPI(M) ने इस फैसले की आलोचना की। कांग्रेस ने कहा कि क्या अब राज्यपाल तय करेंगे कि क्या खाना है। राज्यपाल कार्यालय के सूत्रों ने कहा कि माथुर शाकाहारी हैं। इसी वजह से उन्होंने यह बदलाव कराया। सूत्रों ने साफ किया कि लोकभवन के कर्मचारियों के खाने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। माथुर ने शुक्रवार सुबह केरलम के 29वें राज्यपाल के रूप में शपथ ली। केरल हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस सौमेन सेन ने उन्हें पद की शपथ दिलाई थी।

पाकिस्तान में LPG सिलेंडर 7 हजार रुपए का मिल रहा

इस्लामाबाद/तेहरान। पाकिस्तान में LPG सिलेंडर की कीमत बढ़ गई है। 12 किलो के सिलेंडर की कीमत कुछ ही दिनों में 4500 पाकिस्तानी रुपए से बढ़कर 7000 रुपए हो गई है। दरअसल, ईरान से पाकिस्तान को होने वाली LPG की सप्लाई रुक गई है। दोनों देशों के बीच दो अहम सीमा चौकियां 17 अक्टूबर से बंद हैं। रॉयटर्स के मुताबिक, दोनों देशों ने इसकी अलग-अलग वजह बताई हैं। पाकिस्तान ने बताया की उसने सुरक्षा चिंता और तस्करी रोकने के लिए यह सीमा बंद की है। वहीं, ईरान ने इसकी तकनीकी वजह बताई है। पाकिस्तान कुल LPG जरूरत का करीब 50% हिस्सा ईरान से आयात करता है।

रक्षा सचिव राजेश सिंह का कार्यकाल एक साल बढ़ा

नई दिल्ली। केंद्र सरकार ने रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह का कार्यकाल एक साल बढ़ा दिया है। अब वे 31 अक्टूबर 2027 तक या अगले आदेश तक जो भी पहले हो, इस पद पर बने रहेंगे। उनका मौजूदा कार्यकाल 31 अक्टूबर 2026 को समाप्त होने वाला था। राजेश कुमार सिंह ने 1 नवंबर 2024 को 40वें रक्षा सचिव के रूप में कार्यभार संभाला था। 31 अक्टूबर 2027 तक रिटायर होने तक वे करीब 1095 दिन तक इस पद पर रहेंगे। मोदी सरकार में किसी रक्षा सचिव का यह दूसरा सबसे लंबा कार्यकाल होगा। डॉ. अजय कुमार 1,166 दिनों तक भारत के रक्षा सचिव रहे थे। राजेश कुमार सिंह केरल कैडर के 1989 बैच के IAS अधिकारी है।

» अंदर विशेष

▪ मणकसास और रॉयल गांव में 'बुआ-बहन-बेटी स्नेह मिलन समारोह'

...पढ़े पेज 2 पर

चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री ने राहुल गांधी को लिखा पत्र- 10 नवंबर के बाद रैली करने की मांग

राहुल से कारोबारी बोले- 1 नवंबर को रैली नहीं करें, दिल्ली में 10 हजार करोड़ का नुकसान होगा

दिल्ली। चैंबर ऑफ ट्रेड एंड इंडस्ट्री (CTI) ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से INDIA ब्लॉक की रैली टालने की अपील की है। CTI ने शनिवार को लेटर लिखकर कहा कि 1 नवंबर को दिल्ली के रामलीला मैदान में होने वाली रैली 10 नवंबर के बाद की जाए। संगठन ने दिवाली फेस्टिवल सीजन में 10 हजार करोड़ रुपए के व्यापारिक नुकसान की चेतावनी दी है।

दरअसल, 1 नवंबर को रामलीला मैदान में SIR और ज्ञानेश कुमार के विरोध में INDIA ब्लॉक की रैली है। रामलीला मैदान के 5 किमी के दायरे में चांदनी चौक और कनॉट प्लेस समेत 8 बड़े बाजार हैं। व्यापारी संगठन CAIT के मुताबिक, 2025 में इन बाजारों में दिवाली पर त्योहारी बिक्री 75,000 करोड़ रुपए तक पहुंच गई थी। व्यापारियों ने कहा- धनतेरस, दीपावली और भैया दूज के दौरान दिल्ली में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए का बड़ा कारोबार होता है। दावा किया गया कि रैलियों और रास्ते बंद होने से दिल्ली के व्यापारियों को अक्टूबर में पहले ही लगभग 3 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हो चुका है।

कारोबारियों ने कहा- रामलीला मैदान के 5 किमी के दायरे में चांदनी चौक और सदर बाजार जैसे 20 बड़े बाजार हैं, जहां ट्रैफिक डायवर्जन व बैरिकेडिंग से कामकाज ठप हो सकता है। व्यापारियों ने कहा- नई दिल्ली और पुरानी दिल्ली रेलवे स्टेशन पास होने के कारण बाहर से आने वाले लाखों खरीदारों व व्यापारियों की आवाजाही प्रभावित होगी।

रामलीला मैदान से पुरानी दिल्ली तक 1 लाख दुकानें

व्यापारियों का दावा है कि सिर्फ दिल्ली के चांदनी चौक में 75,000 से ज्यादा दुकानें हैं। सदर बाजार में दुकानों की संख्या 15,000 से 40,000 के बीच है, और यहां 50,000 से 70,000 लोग आते हैं। चावडी बाजार के कागज के कारोबार में 1,000 से ज्यादा व्यापारी हैं। सब मिलाकर रामलीला मैदान के आसपास के पुरानी दिल्ली के बाजारों में एक लाख से ज्यादा दुकानें हो सकती हैं।

चुनाव आयुक्त के खिलाफ 6 बैठकें

INDIA ब्लॉक के नेताओं ने SIR और मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर 6 से 13 अक्टूबर के बीच 8 बार प्रदर्शन किए। कॉकरोच जनता पार्टी और लेफ्ट ने भी 10 अक्टूबर को इसी मुद्दे पर प्रदर्शन बुलाया था, लेकिन दिल्ली पुलिस ने इसकी इजाजत नहीं दी। इस दौरान शहर में बैरिकेडिंग की गई थी, 45 मेट्रो स्टेशन बंद रहे।

सुप्रीम कोर्ट का पैनल जंतर-मंतर हिंसा से जुड़ी शिकायतें सुनेगा

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट की हाई पावर्ड इंक्वायरी कमेटी 29 अक्टूबर को जंतर-मंतर हिंसा की सुनवाई करेगी। इस दौरान कोई भी व्यक्ति प्रदर्शन के दौरान पुलिस कार्रवाई से जुड़े सबूत पेश कर सकता है।

कॉकरोच जनता पार्टी ने नीट पेपर लीक और परीक्षाओं में गड़बड़ी को लेकर 36 दिन प्रदर्शन किया था। 20 जुलाई को संसद मार्च के दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों में झड़प हुई थी। इस दौरान 150 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर बदसलूकी के अलावा पैनल पैलेट गन के इस्तेमाल और महिला प्रदर्शनकारियों से बदसलूकी के आरोप लगाए थे। यह मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा था। सुप्रीम कोर्ट ने इन आरोपों की जांच के लिए 18 अगस्त को हाई पावर्ड इंक्वायरी कमेटी बनाई थी।

फिलीपींस में दो ट्रेनी विमान टकराए, 4 पायलटों की मौत

इस साल विमान टकराने का पांचवां बड़ा हादसा

मनीला। फिलीपींस में शुक्रवार को ट्रेनिंग के दौरान वायुसेना के दो विमान टकरा गए। हादसे में दोनों विमानों में सवार चारों पायलटों की मौत हो गई। हादसा दोपहर 3:51 बजे मनीला के दक्षिण में लीपा शहर स्थित फर्नांडो एयर बेस के पास हुआ। दोनों SF-260 विमान कम ऊंचाई पर उड़ रहे थे। एक विमान के टुकड़े सैन्यकर्मियों के बैरक के पास गिरे। फिलीपीन वायुसेना ने SF-260 विमानों की उड़ान पर रोक लगा दी है। जांच पूरी होने तक ये विमान उड़ान नहीं भरेंगे। इस साल हवा में विमानों के टकराने का यह दुनिया का पांचवां बड़ा हादसा है।

SF-260 इटली में बने ट्रेनिंग विमान हैं। फिलीपींस ने 2010-11 के दौरान ऐसे 18 विमान इटली की कंपनी से खरीदे थे। इनका इस्तेमाल वायुसेना के पायलटों को उड़ान की ट्रेनिंग देने के लिए किया जाता है। फिलीपींस की सेना लंबे समय से अपने सैन्य साजो-सामान को आधुनिक बनाने की कोशिश कर रही है, लेकिन इसके लिए जरूरी बजट जुटाना चुनौती रहा है। देश को वायुसेना के विमानों के साथ-साथ नौसेना और थलसेना की क्षमता भी बढ़ानी है। दक्षिण चीन सागर में चीन के साथ बढ़ते क्षेत्रीय तनाव के बीच यह जरूरत और अहम हो गई है। सैन्य आधुनिकीकरण की कई योजनाओं में फंड की कमी और उन्हें पूरा करने में देरी जैसी दिक्कतें भी सामने आई हैं। मई में उत्तरी फिलीपींस के पहाड़ी इलाके में SF-260 ट्रेनर विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया था।

फारूक अब्दुला बोले- पाकिस्तान कश्मीर का मुद्दा उठा हमें बचा रहा

बारामूला। जम्मू-कश्मीर के पूर्व सीएम फारूक अब्दुल्ला ने शनिवार को एक बार फिर कश्मीर का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि दिल्ली की सरकार हमारी मदद नहीं कर सकती। हमारे पड़ोसी को देखिए वह हर जगह कश्मीर का मुद्दा उठा रहा है। वह हमें बचा रहा है, वरना हमारी सरकार की नीयत ठीक नहीं है।

बारामूला में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए फारूक ने कहा- केंद्र सरकार बड़े-बड़े दावे करती हैं और बातचीत की बातें करते हैं, लेकिन दिल्ली से आप क्या उम्मीद कर सकते हैं। उनका सामना कीजिए। अगर आप ऐसा नहीं करेंगे, तो हमारी पहचान मिट जाएगी।

जब तक आप अपने पैरों पर खड़े नहीं होते, तब तक आपको कभी सम्मान नहीं मिलेगा, मेरी यह बात याद रखना। अगर आप अपने पैरों पर खड़े होना चाहते हैं, तो सबसे पहले अपने रब को याद करें और उनके दिखाए रास्ते पर चलें। बहुत से लोग आए और चले गए। हमने

राजनीति में ऐसे बड़े-बड़े दिग्गजों को देखा है जिन्होंने हम पर जुल्म किए। याद रखें, जब तक आप एकजुट नहीं होंगे, तब तक आप कुछ भी हासिल नहीं कर पाएंगे। आज हमारे बच्चे मोबाइल लेकर घूम रहे हैं लेकिन मां-बाप को पता नहीं कि वह क्या कर रहे हैं। जम्मू में नेशनल-कॉन्फ्रेंस, कांग्रेस और भाजपा जबकि कश्मीर में कितनी पार्टियां खड़ी की गईं? हर घर में पार्टी खड़ी की गई। बस पैसा आता है और वह अपना ईमान बेचने के लिए तैयार हैं। भारत के बाकी हिस्सों में जहां भाजपा की सरकार है, क्या आप देख रहे हैं कि कैसे लोगों की बस्तियां उजाड़ी जा रही हैं।

सऊदी अरब की उड़ानें 7 नवंबर तक रद्द

नई दिल्ली। मिडिल ईस्ट में हूती विद्रोहियों के हमलों और बढ़ते तनाव के चलते एयर इंडिया और एयर इंडिया एक्सप्रेस ने सऊदी अरब में रियाद और दम्माम के लिए फ्लाइट्स पर रोक 7 नवंबर, 2026 तक बढ़ा दी है। एयरलाइन ने कहा कि जेद्दा से आने-जाने वाली सर्विस 31 अक्टूबर तक रोकी जाएंगी। इसमें एलिजिबल पैसेंजर्स को कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग ऑप्शन और कैंसलेशन पर पूरा रिफंड दिया जाएगा। एयर इंडिया ने कहा है कि जिन यात्रियों की 24 अक्टूबर, 2026 को या उससे पहले कन्फर्म बुकिंग हुई है वे फ्री रीबुकिंग का फायदा उठा सकते हैं।

वहीं, एयर इंडिया एक्सप्रेस ने कहा है कि जिन यात्रियों ने 24 अक्टूबर को या उससे पहले रियाद और दम्माम सेक्टर के लिए बुकिंग की थी, और जिनकी ओरिजिनल यात्रा की तारीख 7 नवंबर तक थी, वे सऊदी अरब या बहरीन और भारत में किसी भी चालू एयर इंडिया एक्सप्रेस स्टेशन के लिए एक बार की कॉम्प्लिमेंट्री रीबुकिंग का फायदा उठा सकते हैं।

जयपुर में छाईं 'गुलाबी क्वीन' जैस्मीन सैंडलास:

'केसरिया बालम' की दी प्रस्तुति; बंधेज ड्रेस में आईं नजर

जयपुर। पंजाबी संगीत की दुनिया में 'गुलाबी क्वीन' के नाम से मशहूर सिंगर जैस्मीन सैंडलास ने जयपुर में अपनी लाइव परफॉर्मेंस से समां बांध दिया। सिंगर ने फिल्म 'किक' का सॉन्ग 'यार ना मिले', 'इश्क दा सूटा', 'रात जश्न दी', 'बंब जट्ट', 'मीठी मीठी', 'तरस', 'धुरंधर' टाइटल ट्रैक और 'शरारत' जैसे सॉन्ग सुनाए। वहीं कॉन्सर्ट के दौरान ऑडियंस में मौजूद जैस्मीन की मां बेटी को मंच पर परफॉर्म करते देख खुद को थिरकने से रोक नहीं सकीं। जयपुर में प्रस्तुति के दौरान जैस्मीन ने राजस्थान की सांस्कृतिक पहचान से भी जुड़ाव दिखाया। उन्होंने पारंपरिक राजस्थानी लोकगीत 'केसरिया बालम' को आकर्षक अंदाज में प्रस्तुत किया। बंधेज ड्रेस में सजी जैस्मीन ने अपने लुक और स्टेज प्रेजेंस से भी ध्यान खींचा।

जयपुर; मतगणना के दौरान पथराव, पुलिस ने लाठीचार्ज किया: 212 ग्राम पंचायतों में वोटों की गिनती शुरू; 83.33 फीसदी वोटर्स ने किया मतदान

थिंक राजस्थान • जयपुर

जयपुर में पंचायत चुनाव के पहले चरण की वोटिंग शनिवार को पूरी हो गई। जिले की 8 पंचायत समितियों की 212 ग्राम पंचायतों में वोटिंग हुई। अब मतगणना जारी है। इस दौरान जयपुर की चौमूं पंचायत समिति की मोरीजा ग्राम पंचायत में मतगणना के दौरान वोट चोरी के आरोपों को लेकर हंगामा हो गया। ग्रामीण पर पथराव कर दिया। पुलिस ने भी लाठीचार्ज किया। जिला परिषद सदस्य और पंचायत समिति सदस्यों की तुलना में सरपंच और वार्ड चुनने में ग्रामीण वोटरों में ज्यादा दिलचस्पी दिखाई। यही कारण रहा कि जिला परिषद और पंचायत समिति में 68.28 फीसदी वोटर्स वोट करने पहुंचे, जबकि आज 83.33 फीसदी वोटर्स ने वोट डाले। वार्ड पंच और सरपंच के लिए डाले गए वोटों की गणना अब शुरू हो गई है। ग्राम पंचायत मुख्यालय पर ही काउंटिंग की जा रही है। संभावना है कि देर रात तक सभी ग्राम पंचायतों के नतीजे घोषित कर दिए जाएंगे।

पोलिंग पार्टी पर मतपत्रों में हेरफेर का आरोप, ग्रामीणों ने किया हंगामा

जयपुर जिले के चौमूं उपखंड क्षेत्र के हाथनौदा में मतदान केंद्र के बाहर ग्रामीणों ने धरना देकर विरोध जताया। मतदान केंद्र के अंदर गाड़ी ले जाने की बात को लेकर विवाद शुरू हुआ, जिसके

बाद मौके पर हंगामे की स्थिति बन गई। जानकारी के अनुसार, पोलिंग पार्टी के लिए कार में खाना लेकर पहुंचने की बात को लेकर ग्रामीणों में नाराजगी देखने को मिली। ग्रामीणों ने पोलिंग पार्टी पर मतपत्रों में हेरफेर करने के आरोप लगाए। इन आरोपों के बाद मतदान केंद्र के बाहर माहौल गर्मा गया। सूचना मिलने पर सामोद थाना प्रभारी हेमराज सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थिति संभाली। पुलिस टीम ग्रामीणों की ओर से लगाए गए आरोपों की जांच करने में जुटी है।

इन्हें मिली सरपंच पद पर जीत

झोटवाड़ा पंचायत समिति की ग्राम पंचायत सरना चौड़ में सरपंच पद पर शीतल कंवर ने 184 मतों से जीत दर्ज की। किशनगढ़-रेनवाल पंचायत समिति की ग्राम पंचायत काबरों का बास में विमला देवी ने 85 वोटों से जीत दर्ज की। झोटवाड़ा पंचायत समिति की सांचोती ग्राम पंचायत से अर्जुनलाल मीणा ने 370 वोटों से जीत दर्ज की।

चौमूं तहसीलदार बोले- 7 से 8 लोगों को पकड़ा

चौमूं तहसीलदार डॉ. विजयपाल विश्नोई ने बताया- एक एजेंट ने अफवाह फैलाई कि यहां मतपेटी बदली जा रही है। इसके बाद लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। भीड़ ने पुलिस पर पथराव कर दिया। हल्का बल प्रयोग किया। 7 से 8 लोगों को डिटेन किया गया है। मतगणना शांति से होगी। प्रशासन पूरे घटनाक्रम को लेकर नजर बनाए हुए है।

दिल्ली के स्कूल में 12वीं की छात्रा की मौत: जली हुई हालत में शव मिला

नई दिल्ली। दिल्ली के कृष्णा नगर स्थित सर्वोदय बाल बालिका विद्यालय में शनिवार दोपहर 12वीं क्लास की एक छात्रा का शव मिला। छात्रा की उम्र करीब 18 साल है।

पुलिस ने बताया कि PCR कॉल के जरिए स्कूल में आग लगने की जानकारी मिली थी। इसके बाद पुलिस और फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची। वहां स्कूल के गार्ड रूम के पीछे छात्रा जली हुई हालत में मिली। पास में उसका स्कूल बैग भी था, जिससे तीन लेटर बरामद हुए हैं। पुलिस को आत्महत्या की आशंका है। छात्रा ने खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। प्रारंभिक जांच में मामले में प्रेम प्रसंग से जुड़ा पहलू सामने आया है। हालांकि, अधिकारियों ने कहा कि आग किस चीज से लगाई गई, यह अभी स्पष्ट नहीं है। घटना की वजह का पता लगाया जा रहा है।

बेटियों के लिए खुले मायके के आंगन: मणकसास और रॉयल गांव में 'बुआ-बहन-बेटी स्नेह मिलन समारोह'

भाइयों, पिताओं और गांव के बुजुर्गों ने संभाली पूरी ज़िम्मेदारी, बचपन की सखियां और कई पीढ़ियों के रिश्ते एक आंगन में जुटे

थिंक राजस्थान •
मणकसास (झुंझुनूं)
रॉयल गाँव, खण्डेला (सीकर)

राजस्थान में बेटियों को गाँव बुलाकर उनके साथ समय बिताने की एक नई परम्परा इन दिनों चर्चा में है। प्रदेश में कई जगह ऐसे आयोजन हो रहे हैं, जिनमें बेटियाँ मायके लौटकर बातचीत करती हैं, खेल खेलती हैं और बचपन की यादें ताज़ा करती हैं। इसी कड़ी में झुंझुनूं ज़िले के मणकसास और सीकर ज़िले के खण्डेला स्थित रॉयल गाँव में 'बुआ, बहन, बेटी स्नेह मिलन समारोह' आयोजित हुआ।

जहाँ लौटा बचपन

कहते हैं, मायके लौटना अपने बचपन में लौटना है। उस आँगन में, जहाँ हँसी की यादें बसी होती हैं और जहाँ रिश्ते नाम से पहले अपनेपन से पुकारते हैं। इन दोनों आयोजनों में यही नज़ारा दिखा। बचपन की सखियाँ बरसों बाद मिलीं। किसी की बुआ आईं, किसी की दादी बुआ। बहनें, मौसी, माताएँ और बेटियाँ भी बड़ी संख्या में पहुँचीं। अलग-अलग पीढ़ियों के रिश्ते एक जगह जुटे तो पूरे माहौल में ऊर्जा भर उठी। किसी ने पुरानी बात याद दिलाई, किसी ने नई पीढ़ी को रिश्तों से परिचित कराया, और परिवार की कितनी ही कहानियाँ फिर से खुलने लगीं।

बड़ों ने संभाली ज़िम्मेदारी

आयोजन की सबसे ख़ास बात यह रही कि इसकी ज़िम्मेदारी भाइयों, पिताओं और गाँव के बुज़ुर्गों ने सँभाली। जिस घर से बेटी विदा हुई थी, उसी घर के अपनों ने आगे बढ़कर उसका स्वागत किया। रॉयल गाँव में भामाशाह मेघराज सिंह रॉयल की ओर से रॉयल गढ़ में पूरा कार्यक्रम आयोजित किया गया। पारम्परिक स्वागत, परम्पराओं की गरिमा और रिश्तों के प्रति आदर का भाव पूरे कार्यक्रम में दिखाई दिया।

संदेश: रिश्तों की डोर बनी रहे

कार्यक्रम को लेकर भामाशाह मेघराज सिंह रॉयल ने अपने संदेश में कहा कि बेटियाँ घर की रौनक हैं और उनके आने से आँगन सचमुच गुलज़ार हो जाता है। उन्होंने कहा कि प्रयास यही है कि हर बेटी जब भी मायके आए, उसे अपनेपन और सम्मान का वही स्नेह मिले। उनकी कामना रही कि यह परम्परा यूँ ही आगे बढ़ती रहे और हर पीढ़ी रिश्तों को प्रेम से निभाती रहे। ब्रिगेडियर जितेंद्र सिंह शेखावत ने अपने संदेश में कहा कि बुआ, बहन और बेटी के रिश्ते परिवार और समाज की सबसे मज़बूत डोर हैं। उनके अनुसार ऐसे आयोजन नई पीढ़ी को अपनी जड़ों, संस्कारों और रिश्तों की अहमियत से जोड़ते हैं। उन्होंने शुभकामना दी कि यह अपनापन सदा बना रहे और हर बेटी के मन में मायके के लिए यही भरोसा रहे।

नई पीढ़ी के लिए सहेजी यादें

आयोजन में शामिल परिवारों के लिए ये पल सिर्फ़ मुलाक़ात भर नहीं थे। बुआ का दुलार, बहनों की हँसी और बेटियों की चहल-पहल के बीच नई पीढ़ी ने देखा कि रिश्तों को प्रेम, सम्मान और एक-दूसरे को समय देकर कैसे सहेजा जाता है। आज साथ बिताए ये पल कल उनकी बातों और कहानियों में बसेंगे। वक़्त के साथ ज़िम्मेदारियाँ बदलती हैं, नए रिश्ते जुड़ते हैं और जीवन आगे बढ़ता है, लेकिन मायके के किसी कोने में बचपन की हँसी हमेशा बसी रहती है। ऐसे आयोजन हर बेटी को यह भरोसा देते हैं कि इस आँगन में उसका इंतज़ार आज भी है।

रॉयल गांव में सर्व समाज की 500 बेटियों का स्नेह मिलन, समरसता का दिया संदेश

बुआ, बहन, बेटी स्नेह मिलन समारोह' में पीहर लौटीं कई पीढ़ियों की बेटियां; मेघराज सिंह रॉयल ने शिक्षा, रोजगार और विकास के लिए एकजुट होने का किया आह्वान

थिंक राजस्थान • रॉयल गांव (खण्डेला/सीकर)

खण्डेला क्षेत्र के रॉयल गांव में आयोजित 'बुआ, बहन, बेटी स्नेह मिलन समारोह' सामाजिक समरसता और बेटियों के सम्मान का अनूठा उदाहरण बना। समारोह में गांव के सभी जाति, समाज और वर्गों की करीब 500 बेटियां, बहनें और बुआएं शामिल हुईं। पीहर पहुंचने पर गांव और परिवार के लोगों ने उनका पारम्परिक स्वागत एवं बहुमान किया। रॉयल गढ़ में आयोजित समारोह की जिम्मेदारी भामाशाह मेघराज सिंह रॉयल, उनके परिवार और ग्रामीणों ने संभाली। विवाह के बाद अलग-अलग स्थानों पर रह रहीं बेटियां वर्षों बाद अपने गांव लौटीं तो पूरे गांव में उत्सव जैसा माहौल दिखाई दिया। बचपन की सखियों की मुलाकात हुई और कई पीढ़ियों के रिश्ते एक ही आंगन में जुटे।

कार्यक्रम में किसी एक जाति या परिवार के बजाय सर्व समाज की बेटियों को आमंत्रित किया गया था। गांव की बुआओं, बहनों, बेटियों और मातृशक्ति ने एक-दूसरे से संवाद किया तथा अपने बचपन और परिवार से जुड़ी यादें साझा कीं। नई पीढ़ी को भी परिवार के पुराने रिश्तों और ग्रामीण संस्कृति को समझने का अवसर मिला।

जातिवाद का जहर दूर करने की कोशिशः मेघराज सिंह

आयोजक मेघराज सिंह रॉयल ने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य बेटियों को उनके पीहर से जोड़ने के साथ जातिवाद का जहर दूर कर सामाजिक समरसता को मजबूत करना है। गांव की प्रत्येक बेटी सम्मान की अधिकारी है, चाहे वह किसी भी जाति, समाज या वर्ग से आती हो। उन्होंने कहा, "जातिवाद समुद्र का पानी है, मर्जी है उतना मीठा डाल लेना, वह कभी पीने लायक नहीं होगा।"

मेघराज सिंह ने ग्रामीणों से जातिवाद की राजनीति से ऊपर उठकर शिक्षा, बेरोजगारी और विकास

जैसे वास्तविक मुद्दों पर एकजुट होने की अपील की। उन्होंने कहा कि समाज की ऊर्जा जातिगत विवादों में खर्च होने के बजाय बच्चों की अच्छी शिक्षा, युवाओं के रोजगार और गांव के विकास में लगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि समाज में बदलाव केवल पैसे से नहीं लाया जा सकता। इसके लिए सेवा भावना, परिवार का सहयोग, पूरे गांव का आशीर्वाद और ग्रामीणों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। कोई भी बड़ा सामाजिक कार्य तभी सफल होता है, जब गांव के सभी लोग उसे अपनी जिम्मेदारी मानकर साथ खड़े हों।

आधुनिक शिक्षा और हुनर पर देना होगा ध्यान

मेघराज सिंह रॉयल ने समारोह में बड़ी संख्या में पहुंचीं बेटियों, बहनों और मातृशक्ति की सहभागिता की सराहना की। उन्होंने कहा कि महिलाओं की उपस्थिति और आशीर्वाद ने कार्यक्रम को सार्थक बनाया है। ऐसे आयोजन लगातार होने चाहिए, ताकि गांव और समाज के लोग आपस में जुड़कर सामूहिक विकास के लिए प्रयास करते रहें। आरक्षण और रोजगार के विषय पर अपने विचार रखते हुए उन्होंने कहा कि तकनीक और बदलती कार्यप्रणाली के कारण भविष्य में सरकारी नौकरियों की संख्या और स्वरूप में बदलाव आएगा। ऐसे में केवल सरकारी नौकरी या आरक्षण पर निर्भर रहने के बजाय बच्चों को आधुनिक शिक्षा, तकनीकी कौशल और आत्मनिर्भरता की दिशा में तैयार करना आवश्यक है। यूनाइटेडग्लोबल पीस फाउण्डेशन की ओर से करवाए जा रहे कामों के बारे में बताते हुए उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ी को बदलते रोजगार बाजार की जरूरतों के अनुसार हुनर उपलब्ध कराना होगा। बच्चों को ऐसी शिक्षा और प्रशिक्षण मिलना चाहिए, जिससे वे नौकरी तलाशने के साथ अपने लिए रोजगार के नए अवसर भी तैयार कर सकें।

सहयोग से सफल हुआ आयोजन

ब्रिगेडियर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि कोई भी बड़ा आयोजन केवल आर्थिक संसाधनों के आधार पर सफल नहीं हो सकता। इसके लिए सेवा भावना, परिवार का समर्पण, ग्रामीणों का सहयोग और गांव के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी जरूरी होती है। समारोह के दौरान बेटियों के सम्मान के साथ सामाजिक सहयोग, शिक्षा, रोजगार और गांव के विकास का संदेश दिया गया। करीब 500 बेटियों, बहनों और बुआओं की भागीदारी ने आयोजन को व्यापक सामाजिक स्वरूप प्रदान किया।

ब्रीफ न्यूज

फैक्ट सोसायटी ने शुरू किया पौधारोपण अभियान, 500 पौधे लगाने का लक्ष्य

थिंक राजस्थान • जयपुर

पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से फैक्ट सोसायटी की ओर से पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सांगानेर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील शर्मा ने किया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। सोसायटी अध्यक्ष अचलदीप सिंह ने बताया कि सोसायटी की ओर से पर्यावरण संरक्षण की दिशा में पहल करते हुए कुल 500 पौधे लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। कार्यक्रम में लोकमंच अध्यक्ष नीरज पांथरी, डॉक्टर रामलाल शर्मा, अमन सिंह, चन्द्रमोहन बैरवा, अमित सिंह और तूफान सिंह सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने पौधारोपण के महत्व पर जोर देते हुए पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करने का संदेश दिया।

अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन का अभिनंदन समारोह 27 अक्टूबर को होगा

थिंक राजस्थान • जयपुर

अंतराष्ट्रीय वैश्य फेडरेशन, राजस्थान की ओर से 27 अक्टूबर को महावीर स्कूल आडिटोरियम में जयपुर-जोधपुर-उदयपुर-अलवर-पाली के नवनिर्वाचित 5 वैश्य मेयर और जयपुर के सभी 24 वैश्य पार्षदों का सार्वजनिक अभिनंदन समारोह पूर्वक किया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड और विशिष्ट अतिथि कालीचरण सराफ होंगे। राज्य प्रभारी ध्रुवदास अग्रवाल व प्रदेश अध्यक्ष एनके गुप्ता, महामंत्री गोपाल गुप्ता ने बताया कि वैश्य समाज के लिए यह गर्व की बात है जो राजस्थान के कुल 10 नगर-निगम मे से 5 नगर-निगम पर वैश्य मेयर निर्वाचित हुए हैं। उन्होंने बताया कि समारोह संयोजक जयपुर जिलाध्यक्ष सुधीर जैन और सहयोगी संजय पाबूवाल होंगे। स्वागत अध्यक्ष सत्यनारायण काबरा व सहस्वागत अध्यक्ष सुनील जैन होंगे। संगठन महामंत्री सुरेश कालानी व राधेश्याम विजयवर्गीय ने बताया कि कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि पूर्व मंत्री शांति धारीवाल, सासंद दामोदर अग्रवाल, राष्ट्रीय सहकोषाध्यक्ष राजेश मंगल और जयपुर के प्रथम महापौर मोहनलाल गुप्ता, भाजपा जिलाध्यक्ष अमित गोयल तथा भाजपा प्रदेश वैश्य पदाधिकारी पंकज गुप्ता श्याम अग्रवाल व एकता अग्रवाल को आमंत्रित किया गया है। इससे पूर्व कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन किया गया।

कालीबाड़ी मंदिर में बंगाली समाज आज करेगा लक्ष्मी (लोक्खी) पूजन

थिंक राजस्थान • जयपुर

दुर्गापूजा के बाद आने वाली शारदीय पूर्णिमा को बंगाली समाज द्वारा लक्ष्मी पूजन किया जाता है। जयपुर कालीबाड़ी समिति की ओर से सेक्टर नंबर 10 मालवीय नगर स्थित कालीबाड़ी मंदिर में रविवार को शारदीय पूर्णिमा को लक्ष्मी पूजन किया जाएगा। समिति सचिव उत्पल सेनगुप्ता/ अध्यक्ष Dr. सुबीर देवनाथ ने बताया कि लक्ष्मी जी को नाडू (गुड़-नारियल से बना लड्डू) के साथ खीर, खिचड़ी व मिक्स सब्जी का भोग लगाया जाएगा। इसके पश्चात इस प्रसादी को भक्तजनों में वितरित किया जाएगा।

मतदान के लिए सूरत से बस लेकर जोधपुर पहुंचे प्रवासी

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर जिले में पहले चरण की 6 पंचायत समितियों में सरपंच और पंचों की वोटिंग पूरी हो गई है। पहले चरण में जिले की आगोलाई, शेरगढ़, बालेसर, चामू, सेखाला और चाबा पंचायत समितियों के सरपंच और पंच को लेकर सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक मतदान हुआ। जिले में शाम 6 बजे तक 83.05% मतदान हुआ।

दोपहर 3 बजे तक जिले के 6 पंचायत समितियों में 69.82% तक मतदान हुआ। वहीं इससे पहले दोपहर 1 बजे तक 54.33 प्रतिशत मतदान हुआ था। इन 6 पंचायत समिति में 2,53,445 मतदाता हैं। इधर, बड़ी संख्या में प्रवासी भी मतदान करने पहुंचे। सूरत से प्रवासी बस लेकर बालेसर पहुंचे और मतदान किया। सुबह से ही ग्रामीण इलाकों में वोटिंग के लिए मतदाता केंद्रों पर पहुंचे।

प्लॉट पर कब्जे को लेकर भिड़े दो पक्षः तलवार-लाठियों से हमला

थिंक राजस्थान • जोधपुर

जोधपुर के माता का थान इलाके में शनिवार को प्लॉट कब्जे को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद में तलवार-डंडे भी चल गए। झगड़े में बीच बचाव करने आए एक व्यक्ति के हाथ की उंगलियां कट गई तो दूसरे के सिर में वार की वजह से घायल हो गया। घटना को लेकर पुलिस ने तीन व्यक्तियों को डिटेन किया है।

दरअसल माता का थाना इलाके के गुलजारपुरा खाली प्लॉट के कब्जे को लेकर दो पक्षों में लड़ाई हो गई थी। आरोप है कि मारपीट करने वाला पक्ष भाजपा राजस्थान लिखी हुई नेम प्लेट की गाड़ी लेकर आए थे। हालांकि पुलिस ने अभी तक पकड़े गए लोगों के नाम नहीं बताए हैं। माता का थान थाना अधिकारी अनिल यादव ने बताया- दोपहर के समय सूचना मिली थी कि थाना क्षेत्र के गुलजारपुरा में दो पक्ष आपस में भीड़ गए। यहां दो पक्षों का प्लॉट के मालिकाना हक को लेकर विवाद है। एक पक्ष यहां प्लॉट पर पहुंचा था तो दूसरा पक्ष भी पहुंच गया। दोनों के बीच विवाद हो गया। जिसमें दूसरे पक्ष ने तलवार से हमला किया।

इस दौरान बीच बचाव में एक जने के हाथ की अंगुलिया कट गई। जबकि एक अन्य के सिर पर डंडे से वार करने की वजह से घायल हो गया। जिन्हें महात्मा गांधी हॉस्पिटल ले जाया गया है।

जलमहल पर आज दिखेगा वायुसेना का शौर्यः लाइव देख सकेंगे वाराणसी का 'विंग्स ओवर गेंजेस' एयर शो

थिंक राजस्थान • जयपुर

भारतीय वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस के मौके पर जयपुरवासियों को वायुसेना के अदम्य साहस और आसमानी करतबों को देखने का खास मौका मिलेगा। 25 अक्टूबर (रविवार) को वाराणसी के नमो घाट पर आयोजित होने वाले भव्य एयर शो 'विंग्स ओवर गेंजेस' का जयपुर में जलमहल के सामने सीधा प्रसारण (लाइव टेलीकास्ट) किया जाएगा। एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ने बताया कि 25 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से इस एरियल डिस्प्ले का लाइव टेलीकास्ट शुरू होगा। जयपुरवासी जलमहल के सामने पहुंचकर इस ऐतिहासिक और रोमांचक पल के साक्षी बन सकेंगे। जिला प्रशासन और वायुसेना की ओर से आमजन से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर इस भव्य एयर शो का आनंद लें और वायुसेना के शौर्य का उत्साह बढ़ाएं। एंट्री पूरी तरह निशुल्क रहेगी।

अजमेर में वकीलों के लिए भवन बनाने की मांग उठी

209 दावों के लिए 8.16 करोड़ मंजूर, राजस्थान बार कौंसिल की बैठक में लिए फैसले

थिंक राजस्थान • जोधपुर

राजस्थान बार कौंसिल की कार्यकारिणी समिति की बैठक में शनिवार को चेयरमैन योगेन्द्र शक्तावत की अध्यक्षता में वकीलों से जुड़े अहम फैसले लिए गए। जोधपुर में हुई बैठक में 209 दावों के लिए 8.16 करोड़ रुपए मंजूर किए गए।

बैठक का मुख्य मुद्दा अजमेर में अधिवक्ता भवन बनाने की मांग रहा। राजस्व मंडल अजमेर में होने से वकीलों को वहां जाना पड़ता है। बार कौंसिल अध्यक्ष के नेतृत्व में एक दल मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास से मिलकर मुफ्त जमीन और बजट मांगेगा।

राजस्थान अधिवक्ता कल्याण कोष ने कुल 209 दावों के लिए 8.16 करोड़ रुपए मंजूर किए। इनमें 91 मृत्यु दावों के लिए 5.27 करोड़ रुपए, 89 बीमारी दावों के लिए 90.47 लाख रुपए और 29 रिटायरमेंट दावों के लिए 1.99 करोड़ रुपए शामिल हैं। अधिवक्ताओं के नाम बदलने और 'डॉ.' लगाने के आवेदनों को मंजूरी मिली। हरेन्द्र सिनसिनवार की अध्यक्षता में पंजीयन समिति ने 2400 अधिवक्ताओं का पंजीयन किया।

सुबोध पब्लिक स्कूल में ग्रैंडपेरेंट्स डे समारोह आयोजित

थिंक राजस्थान • जयपुर

सुबोध पब्लिक स्कूल, नियर एयरपोर्ट, सांगानेर के फाउंडेशन विंग में ग्रैंडपेरेंट्स डे समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम में दादा-दादी एवं नाना-नानी के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियों और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पीढ़ियों के बीच आत्मीय संबंधों का संदेश दिया।

समारोह में मुख्य अतिथि रोटेरियन इंजीनियर श्री प्रकाश चंद्र सांघी एवं रेखा सांघी उपस्थित रहे। विद्यालय की ओर से अतिथियों एवं अन्य आमंत्रित वरिष्ठजनों का तिलक लगाकर तथा ब्रोच और स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत कक्षा

प्रथम के विद्यार्थियों द्वारा श्लोक एवं भजन प्रस्तुति से हुई। प्री-प्राइमरी के विद्यार्थियों ने स्वागत नृत्य प्रस्तुत किया, जबकि कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों ने अपने दादा-दादी एवं नाना-नानी के लिए लिखे भावपूर्ण पत्रों का वाचन किया। कक्षा प्रथम के विद्यार्थियों ने कठपुतली नृत्य प्रस्तुत किया। इसके बाद कक्षा द्वितीय के विद्यार्थियों ने गरबा एवं डांडिया नृत्य की प्रस्तुति देकर कार्यक्रम में सांस्कृतिक रंग भरे।

समारोह के दौरान वरिष्ठजनों के लिए मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। पुराने गीतों पर आधारित गतिविधि के साथ सामान्य ज्ञान पर आधारित कौन बनेगा करोड़पति (KBC) शैली की प्रश्नोत्तरी भी आयोजित की गई। प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए। परिसर में बनाए गए विशेष सेल्फी पॉइंट पर दादा-दादी एवं नाना-नानी ने अपने नाती-पोतों के साथ तस्वीरें खिंचवाकर यादगार क्षण संजोए।

मुख्य अतिथि श्री प्रकाश चंद्र सांघी ने अपने संबोधन में बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण में दादा-दादी एवं नाना-नानी की भूमिका को महत्त्वपूर्ण बताया। उन्होंने विद्यार्थियों से अपने वरिष्ठजनों के अनुभवों, मार्गदर्शन और आशीर्वाद का सम्मान करने का आह्वान किया।

विद्यालय की प्रधानाचार्या आशी श्रीवास्तव ने मुख्य अतिथि एवं उपस्थित वरिष्ठजनों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि दादा-दादी एवं नाना-नानी परिवार की जड़ों के समान हैं। उनके अनुभवों, कहानियों और जीवन-मूल्यों से बच्चों को संस्कार तथा जीवन की महत्त्वपूर्ण सीख मिलती है। उन्होंने विद्यार्थियों को पारिवारिक परंपराओं और मूल्यों को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया।

समारोह का मंच संचालन विद्यार्थियों ने आत्मविश्वास के साथ किया। कार्यक्रम फाउंडेशन की प्रभारी प्रीता साबू के धन्यवाद ज्ञापन के साथ संपन्न हुआ। उन्होंने मुख्य अतिथि, वरिष्ठजनों, अभिभावकों एवं विद्यालय प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। अंत में राष्ट्रगान हुआ। समारोह ने विद्यार्थियों को अपने वरिष्ठजनों के प्रति सम्मान, स्नेह और कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर प्रदान किया।

मारवाड़ महोत्सव में BSF के ऊंट दस्ते ने दिखाए करतब: सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने बांधा समां, मूंछ प्रतियोगिता में शामिल होने आए पार्टिसिपेंट्स

थिंक राजस्थान • जोधपुर

मारवाड़ महोत्सव में लोक संस्कृति और पारंपरिक कलाओं का रंग देखने को मिला। BSF के ऊंट दस्ते ने शानदार करतब दिखाकर दर्शकों का ध्यान खींचा, वहीं सांस्कृतिक संध्या में लोक कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से समां बांधा। मूंछ प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए पहुंचे प्रतिभागियों ने भी महोत्सव के आकर्षण को बढ़ाया। शनिवार को जोधपुर में दो दिवसीय मारवाड़ महोत्सव–2026 का विविध सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ शुभारंभ हुआ। पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित महोत्सव के पहले दिन हेरिटेज वॉक, शोभायात्रा, पारंपरिक प्रतियोगिताओं एवं भव्य सांस्कृतिक संध्या के माध्यम से मारवाड़ की सांस्कृतिक विरासत के विविध स्वरूप देखने को मिले।

दिन में मेहरानगढ़ दुर्ग से क्लॉक टावर तक हेरिटेज वॉक आयोजित की गई। क्लॉक टावर से राजकीय उम्मेद स्टेडियम तक निकाली गई शोभायात्रा में मारवाड़ की लोक परंपराओं एवं सांस्कृतिक विविधता की झलक देखने को मिली। राजकीय उम्मेद स्टेडियम में आयोजित विभिन्न पारंपरिक प्रतियोगिताएं महोत्सव का विशेष आकर्षण रहीं। मूंछ प्रतियोगिता, साफा बांधने, मिस मारवाड़, मारवाड़ श्री, रस्साकशी एवं मटका दौड़ जैसी प्रतियोगिताओं के माध्यम से क्षेत्र की पारंपरिक वेशभूषा, व्यक्तित्व, कौशल एवं लोक जीवन के विविध रंग सामने आए। इन प्रतियोगिताओं ने मारवाड़ की सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी परंपराओं को मंच प्रदान किया। साफा बांधने और मूंछ प्रतियोगिता में जहां क्षेत्र की विशिष्ट पहचान दिखाई दी, वहीं रस्साकशी और मटका दौड़ ने आयोजन में खेल एवं मनोरंजन का रंग जोड़ा। मिस मारवाड़ और मारवाड़ श्री प्रतियोगिताओं के माध्यम से पारंपरिक संस्कृति एवं वेशभूषा का आकर्षण भी देखने को मिला। सांस्कृतिक गतिविधियों की श्रृंखला में सम्राट अशोक उद्यान में भव्य सांस्कृतिक संध्या आयोजित की गई। लोक कलाकारों एवं इंडियन आइडल फेम पियूष पंवार ने अपनी प्रस्तुतियों से संध्या को संगीतमय बनाया।

ब्रीफ न्यूज

जैसलमेर में आज से शुरू होगी विंटर शेड्यूल फ्लाइट्स: 5 दिन इंडिगो की उड़ान

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

जैसलमेर में एक बार फिर हवाई सेवाओं की शुरुआत होने जा रही है। 25 अक्टूबर से एयर इंडिया का विमान दिल्ली से जैसलमेर पहुंचेगा। इसके साथ ही स्वर्णनगरी का हवाई संपर्क फिर बहाल होने से पर्यटन कारोबार को नई उम्मीद मिली है। वहीं, 26 अक्टूबर से इंडिगो भी दिल्ली और मुंबई के लिए अपनी उड़ानों का संचालन शुरू करेगी। हालांकि, इस बार उड़ानों के शेड्यूल ने पर्यटन व्यवसायियों की चिंता बढ़ा दी है। इंडिगो की ओर से शनिवार और रविवार को उड़ानों का संचालन नहीं करने से वीकेंड पर जैसलमेर आने वाले पर्यटकों को परेशानी हो सकती है। दूसरी ओर, जयपुर, गुजरात और बेंगलुरु जैसे प्रमुख शहरों से सीधी हवाई कनेक्टिविटी नहीं मिलने के कारण देश के अलग-अलग हिस्सों से आने वाले सैलानियों के विकल्प सीमित रहेंगे। हालांकि एयर इंडिया अगले सप्ताह से दिल्ली और मुंबई दोनों के लिए वीकेंड में लगातार हवाई सेवाएं जारी कर सकती हैं।

रोड़ा में निजी स्कूल की खाली बस में लगी आग: नोखा में 24 घंटे में दूसरी घटना

थिंक राजस्थान • नोखा

नोखा के रोड़ा गांव में शनिवार दोपहर एक निजी स्कूल बस में अचानक आग लग गई। गनीमत रही कि बस में कोई भी स्कूली बच्चा मौजूद नहीं था, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। ये नोखा में 24 घंटे के अंदर आग लगने की दूसरी घटना है। जानकारी के अनुसार, सड़क किनारे खड़ी बस देखते ही देखते आग के गोले में बदल गई। धुएं का गुबार दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। रोड़ा सरपंच ऋषिराज सिंह ने तुरंत दमकल को सूचना दी। दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंची और ग्रामीणों के साथ मिलकर आग बुझाने का काम शुरू किया। आग लगने का कारण शॉर्ट सर्किट होने की आशंका है। इससे पहले शुक्रवार दोपहर को मरोठी चौक में श्री निवास बागड़ी के घर में सिलेंडर लीकेज से आग लगी थी। इस घटना में 10 लाख से ज्यादा का सामान जल गया था और कंचन देवी नाम की एक महिला मामूली रूप से झुलस गई थीं।

आऊवा-देवली में सरपंच प्रत्याशियों के समर्थक भिड़े: महिला उम्मीदवार के जेठ के सिर में आई चोट, जानलेवा हमले का आरोप

थिंक राजस्थान • पाली

पाली जिले में पंचायत चुनाव के दौरान सरपंच प्रत्याशियों के समर्थकों के बीच विवाद हो गया। आऊवा-देवली में एक सरपंच प्रत्याशी के जेठ के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घायल ने आरोप लगाया कि फर्जी मतदान की योजना बनाने को लेकर पुलिसकर्मियों से हो रही बहस के दौरान सरपंच प्रत्याशी के रिश्तेदारों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। उसकी आंख के पास और सिर में चोट आई है। मामले में मारवाड़ जंक्शन थाने में रिपोर्ट दी गई है। घटना शनिवार शाम करीब 5 बजे की है।

रिपोर्ट में उगमराज पुत्र मोतीलाल चौधरी ने बताया- उसके भाई गजेंद्र चौधरी की पत्नी तुलसीदेवी सरपंच प्रत्याशी हैं। शनिवार शाम करीब 5 बजे एक सरपंच प्रत्याशी के समर्थक

फर्जी मतदान की योजना बना रहे थे। इसको लेकर वहां तैनात पुलिसकर्मियों से उनकी बहस हो गई। उगमराज के अनुसार, वह भी मौके पर देखने गया था। इसी दौरान उसे देखकर सरपंच प्रत्याशी के रिश्तेदारों ने उस पर जानलेवा हमला कर दिया। मारपीट में उसकी आंख के पास और सिर में चोट आई। घटना के बाद उसने मारवाड़ जंक्शन थाने में लिखित रिपोर्ट दी।

मारवाड़ जंक्शन थाना प्रभारी सहदेव चौधरी ने बताया कि घायल का इलाज करवाने के बाद मेडिकल कराया गया है। मामले की जांच की जा रही है। इसी तरह मारवाड़ जंक्शन उपखंड के केसरसिंह गुड़ा में भी सरपंच प्रत्याशी आपस में उलझ गए। सूचना मिलने पर पुलिस समय रहते मौके पर पहुंची और समझाइश कर मामला शांत कराया।

भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री बोले- कार्यकर्ता एक्टिव रहे, एकजुटता ही जीत का आधार

पंचायतीराज चुनाव को लेकर बनाई रणनीति

थिंक राजस्थान • झुंझुनूं

पंचायतीराज चुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा जिला कार्यालय में चुनाव प्रबंध समिति की बैठक हुई। जिलाध्यक्ष हर्षिनी कुलहरी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय मंत्री रोहन गुप्ता ने कार्यकर्ताओं की एकजुटता को जीत का आधार बताया। उन्होंने पदाधिकारियों से पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ चुनावी तैयारियों में जुटने का आह्वान किया। मुख्य अतिथि रोहन गुप्ता ने कहा - संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयासों से ही चुनाव में सफलता मिलती है। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश दाधीच ने आगामी पंचायतीराज चुनाव की रणनीति पर चर्चा की। उन्होंने

पदाधिकारियों से अपने-अपने क्षेत्रों में सक्रिय रहकर पार्टी के लिए बेहतर प्रदर्शन करने को कहा।

बैठक के अंत में जिला पंचायतीराज चुनाव प्रभारी एवं माटी कला बोर्ड अध्यक्ष रामगोपाल सुथार ने आभार जताया। बैठक का संचालन जिला महामंत्री योगेंद्र मिश्रा ने किया। बैठक में पूर्व सांसद नरेंद्र कुमार, पूर्व विधायक वीरेंद्र प्रताप सिंह, जिला संगठन प्रभारी मुकेश गोयल, जिला महामंत्री वीरपाल सिंह शेखावत और दिलीप सैनी, जिला उपाध्यक्ष अजय चाहर और भूपेंद्र सिंह शेखावत, सुनील लाम्बा, शहर अध्यक्ष कमल कांत शर्मा, आईटी जिला संयोजक सौरभ सोनी, जिला प्रवक्ता संजय मोरवाल, जय प्रकाश चौधरी और शहर मंडल उपाध्यक्ष ताराचंद सैनी सहित चुनाव प्रबंध समिति के सदस्य और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

हादसे में बाइक सवार भाई की मौत, दो बहनें घायल

थिंक राजस्थान • पाली

मामा की बेटियों को बाइक से गांव छोड़ने जा रहे युवक की बाइक को रॉन्ग साइड से आए तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। हादसे में युवक की मौत हो गई, जबकि दोनों युवतियां गंभीर घायल हो गईं। तीनों को इलाज के लिए हॉस्पिटल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने युवक को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल दोनों युवतियों को जोधपुर रेफर किया गया। हादसा शनिवार दोपहर मारवाड़ जंक्शन थाना क्षेत्र के आऊवा गांव के पास पेट्रोल पंप के नजदीक हुआ।

जानकारी के अनुसार, आऊवा गांव निवासी पीनू (30) पुत्र आईदान मीणा के यहां शुक्रवार रात भजन संध्या थी। इसमें शामिल होने के लिए खिंवाड़ा गांव निवासी उसके मामा की बेटियां नीतू (20) पुत्री ओटाराम मीणा और किरण (17) भी आई हुई थीं। शनिवार दोपहर पीनू अपनी दोनों ममेरी बहनों को बाइक से खिंवाड़ा गांव छोड़ने जा रहा था। इस दौरान आऊवा गांव के पेट्रोल पंप के पास रॉन्ग साइड से आ रहे तेज रफ्तार वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से पीनू, नीतू और किरण गंभीर घायल हो गए।

हॉस्पिटल में युवक को मृत घोषित किया, युवतियां जोधपुर रेफर

हादसे के बाद तीनों घायलों को इलाज के लिए पाली के बांगड़ हॉस्पिटल लाया गया। यहां जांच के बाद डॉक्टरों ने पीनू मीणा को मृत घोषित कर दिया। वहीं, गंभीर घायल नीतू और किरण को प्राथमिक इलाज के बाद जोधपुर रेफर कर दिया गया। मृतक युवक और दोनों घायल युवतियां रिश्ते में मामा-भुआ के भाई-बहन थे। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

तनोट माता मंदिर से तेमड़ेराय तक की पदयात्रा पूरी, कहा- मांग नहीं मानी तो जयपुर-दिल्ली में आंदोलन जारी रहेगा

ओरणों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करे सरकार: रविंद्र सिंह भाटी

थिंक राजस्थान • जैसलमेर

तनोट माता मंदिर से शुरू हुई 13 दिन और 400 किलोमीटर की ओरण पदयात्रा शुक्रवार देर शाम तेमड़ेराय मंदिर में महाआरती के साथ संपन्न हुई। यात्रा के दौरान 7 देवी मंदिरों में दर्शन किए गए। समापन पर हजारों श्रद्धालु जुटे। शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी भी महाआरती में शामिल हुए। पदयात्रियों ने देवी-देवताओं की ओरणों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करने और उनके संरक्षण की मांग उठाई।

महाआरती में शामिल हुए शिव विधायक रविंद्र सिंह भाटी ने कहा कि ओरणों का संरक्षण करना सरकारों की नैतिक जिम्मेदारी है। सरकारों को चाहिए कि वे ओरणों को राजस्व रिकॉर्ड में दर्ज करवाएं, ताकि इन पवित्र स्थलों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि यदि सरकारें इस दिशा में ठोस कदम नहीं उठाती

हैं तो ऐसे आंदोलन आगे भी होते रहेंगे। ओरण संरक्षण के लिए आंदोलन के जरिए जयपुर और दिल्ली में बैठे लोगों को जगाने का काम किया जाएगा।

भाटी ने ओरण यात्रियों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि धार्मिक आस्था और पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी इस मुहिम को गंभीरता से लिया जाना चाहिए। ओरण केवल धार्मिक आस्था के केंद्र नहीं हैं, बल्कि स्थानीय परंपराओं और प्राकृतिक विरासत के संरक्षण में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।

ओरण पदयात्रा से जुड़े सुमेर सिंह सांवता ने कहा कि उनकी मुख्य मांग है कि सरकार ओरण संरक्षण से जुड़े लोगों की बात सुने और देवी-देवताओं की ओरणों को सरकारी रिकॉर्ड में ओरण के नाम से दर्ज करे। उन्होंने कहा कि ओरणों की पहचान और उनके संरक्षण के लिए राजस्व रिकॉर्ड में उचित दर्ज होना जरूरी है। इससे इन पवित्र स्थलों की परंपराओं और उनसे जुड़ी मान्यताओं को सुरक्षित रखने में मदद मिलेगी। सांवता ने कहा कि पदयात्रा का उद्देश्य सरकार तक ओरण संरक्षण की मांग पहुंचाना और आमजन को इस मुद्दे के प्रति जागरूक करना है। पदयात्रियों ने 13 दिनों तक पैदल चलकर इस अभियान को आगे बढ़ाया।

सादड़ी में एसीबीईओ ने किया सरकारी स्कूलों का दौरा

व्यवस्थाओं का लिया जायजा, स्टूडेंट्स से संवाद कर किया प्रेरित

थिंक राजस्थान • बाली

देसूरी में अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी प्रथम विजय सिंह माली ने जाटों की डोरण, भादरास और सादड़ी स्थित तीन सरकारी स्कूलों का शाला संबलन किया। इस दौरान उन्होंने शैक्षणिक गतिविधियों और व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए।

शहरी संकुल प्रारंभिक शिक्षा अधिकारी प्रथम मीठालाल बोराणा ने बताया-माली ने प्रार्थना सभा में मिशन मानस की गतिविधियों का अवलोकन किया और उनकी सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों को संयुक्त राष्ट्र दिवस, शरद पूर्णिमा और महर्षि वाल्मीकि के बारे में जानकारी दी। निरीक्षण के दौरान कार्यवाहक संस्था प्रधान मोहनलाल से मिड-डे मील (एमडीएम), दूध वितरण, आधार प्रमाणीकरण, परीक्षा आवेदन, रीडिंग कैंपेन, आईसीटी लैब, मिशन स्टार्ट, व्यावसायिक शिक्षा और पुस्तकालय संचालन की जानकारी ली गई। माली ने कक्षाओं में जाकर विद्यार्थियों से बातचीत की और उनकी कार्यपुस्तिकाएं भी जांचीं।

भादरास और सादड़ी के स्कूलों का किया दौरा

इसके बाद उन्होंने भादरास और सादड़ी के अन्य सरकारी स्कूलों का दौरा किया। वहां संस्था प्रधान मुकेश कुमार सूचक और मीठालाल से विभिन्न अभिलेखों और शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने विद्यार्थियों को नियमित रूप से पढ़ाई करने और शैक्षणिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। शाला संबलन के तहत शिक्षा अधिकारी एप के माध्यम से स्कूलों की शैक्षणिक और भौतिक स्थिति का आकलन करते हैं, ताकि आवश्यक सुधार के लिए निर्देश दिए जा सकें।

EWS आरक्षण के सरलीकरण की मांग, सांसद ओला ने संसद में मुद्दा उठाने का दिया आश्वासन

थिंक राजस्थान • बगड़ (झुंझुनूं)

नगरपालिका के चेयरमैन और वाइस चेयरमैन के पदभार ग्रहण समारोह में आर्थिक रूप से कमजोर सामान्य वर्ग (EWS) के युवाओं के लिए आरक्षण नियमों के सरलीकरण की मांग उठाई गई। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता यशवर्धन सिंह शेखावत ने सांसद बृजेन्द्र ओला से इस मुद्दे को संसद के आगामी सत्र में उठाने का आग्रह किया। सांसद ओला ने मांग को स्वीकार करते हुए संसद में मुद्दा उठाने का आश्वासन दिया। शेखावत ने कहा कि राजस्थान की पूर्ववर्ती अशोक गहलोत सरकार ने EWS आरक्षण के नियमों में सरलीकरण कर पात्रता के लिए परिवार की वार्षिक आय को आधार बनाया था। उन्होंने केंद्र सरकार की नौकरियों में भी इसी तरह के नियम लागू करने की मांग की। इसके साथ ही संपत्ति संबंधी शर्तें हटाने, अधिकतम आयु सीमा में छूट, आवेदन शुल्क और परीक्षा के अवसरों में रियायत तथा प्रमाण-पत्र जारी करने की प्रक्रिया सरल और समयबद्ध बनाने की मांग रखी।

शेखावत के अनुसार, पिछले सात वर्षों से इन मांगों को लेकर जनजागरण और आंदोलन किया जा रहा है, लेकिन केंद्र स्तर पर अपेक्षित सुधार नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि EWS आरक्षण का लाभ आर्थिक रूप से कमजोर युवाओं तक पहुंचाने के लिए नियमों को व्यावहारिक बनाना जरूरी है। कार्यक्रम में नगरपालिका चेयरमैन राकेश शर्मा, वाइस चेयरमैन अजय सिंह शेखावत और नगरपालिका सदस्यों ने भी मांग का समर्थन किया।

ब्रीफ न्यूज

राज्य निर्वाचन आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

थिंक राजस्थान • जयपुर

पंचायती राज आम चुनाव के प्रथम चरण में शनिवार को सरपंच और पंच पदों के लिए हुए मतदान के दौरान राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह और जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने जयपुर जिले के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। अधिकारियों ने व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए मतदाताओं को निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। राज्य निर्वाचन आयुक्त ने चौमूं पंचायत समिति की ग्राम पंचायत अनंतपुर (जेतपुरा), देवपुरा और जयसिंहपुरा के विभिन्न बूथों सहित गोविंदगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मलिकपुर के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान की व्यवस्थाओं की समीक्षा की और मतदाताओं से स्वतंत्र एवं निष्पक्ष रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील की। वहीं, जिला निर्वाचन अधिकारी संदेश नायक ने झोटवाड़ा, सांभरलेक और मौजमाबाद पंचायत समितियों के मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने बिजली, पानी, स्वच्छता और सुरक्षा सहित आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही मतदान प्रक्रिया में भाग लेकर लोकतांत्रिक परंपरा को मजबूत बनाने के लिए मतदाताओं का आभार व्यक्त किया।

पीपाड़ शहर में आज धूमधाम से मनाई जाएगी महाराजा अजमीढ़ जयंती

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज की ओर से आदि पुरुष महाराजा श्री अजमीढ़ जी की जयंती आज धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाई जाएगी।संदीप धूपड़ ने बताया कि जयंती के अवसर पर स्वर्णकार समाजबंधु सुबह 8 बजे एकत्रित होकर माताजी के मंदिर से शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुवे समाज भवन तक शोभायात्रा निकालेंगे।

शोभायात्रा में माताजी और महाराजा अजमीढ़ जी की आकर्षक झांकियां प्रमुख आकर्षण रहेंगी।शोभायात्रा के समापन के बाद समाज भवन में सम्मान समारोह आयोजित किया जाएगा। इसमें अतिथियों के सम्मान के साथ प्रतिभावान छात्र-छात्राओं और नवनियुक्त जनप्रतिनिधियों का अभिनंदन किया जाएगा। जयंती से पूर्व आयोजित खेलकूद प्रतियोगिताओं के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया जाएगा। वहीं, स्वर्णकार सेवा समिति की ओर से आयोजित रक्तदान शिविर में भाग लेने वाले रक्तदाताओं का सम्मान कर उनके योगदान की सराहना की जाएगी। जयंती महोत्सव के तहत महाराजा अजमीढ़ जी की प्रसादी का आयोजन भी होगा। शाम को माताजी के मंदिर में भजन संध्या आयोजित की जाएगी तथा श्रद्धालुओं को खीर का प्रसाद वितरित किया जाएगा।स्वर्णकार सेवा समिति के कोषाध्यक्ष संदीप श्यामजी धूपड़ ने बताया कि महाराजा अजमीढ़ जयंती के उपलक्ष्य में आज पीपाड़ शहर में स्वर्णकार समाज के सभी प्रतिष्ठान बंद रहेंगे।

चूरू में ट्रक से टकराई तेज रफ्तार कार, एक परिवार के 5 सदस्यों सहित 6 की मौत

थिंक राजस्थान • चूरू

सादुलपुर क्षेत्र के ददरेवा में शनिवार सुबह करीब 8:30 बजे तेज रफ्तार कार आगे चल रहे ट्रक में घुस गई। हादसे में कार सवार एक ही परिवार के पांच सदस्यों और ड्राइवर की मौत हो गई, जबकि 9 महीने की बच्ची गंभीर घायल हो गई। परिवार गुरुग्राम स्थित कुलदेवी गुड़गांवा वाली माता के मंदिर में बच्चों का मुंडन करवाने जा रहा था। हादसे में तारानगर क्षेत्र के सोमसीसर निवासी भंवरलाल शर्मा (60), पत्नी महेंद्र देवी (55), बहू कविता (28), यशोदा (34), कविता के 4 महीने के बेटे कन्हैया और कार चालक मांगीलाल नाई (31) की मौत हो गई। यशोदा की 9 महीने की बेटी दिव्यांशी गंभीर घायल है। भंवरलाल के छोटे भाई मांगीलाल के अनुसार, भंवरलाल किसान थे और दोनों बेटे संजय व संदीप गुजरात में नौकरी करते हैं। दोनों की पत्नियां और बच्चे गांव में रहते थे। भंवरलाल ने 23 अक्टूबर को गुरुग्राम जाने की जानकारी दी थी। वे शनिवार सुबह बच्चों का मुंडन करवाने के लिए रवाना हुए थे।

स्वस्थ व्यक्ति ही स्वस्थ समाज का निर्माण कर सकता है: संजीव कुमार

आरोग्य भारती फलोदी की जिला बैठक आयोजित

थिंक राजस्थान • फलौदी

जिला मुख्यालय पर आरोग्य भारती, फलोदी के तत्वावधान में आदर्श नगर संघ कार्यालय, फलोदी में जिला बैठक का आयोजन किया गया। बैठक से पहले आरोग्य के जनक भगवान धन्वन्तरि को दीप प्रजलित कर पूजा अर्चना के की गई राष्ट्रीय प्रमुख आरोग्य मित्र प्रशिक्षण संजीवन कुमार जिला अध्यक्ष गोविंद लाल शर्मा के नेतृत्व में आयोजित इस बैठक में स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार और स्वस्थ समाज के निर्माण के उद्देश्य को केंद्र में रखते हुए आरोग्य एवं स्वास्थ्य संबंधी विषयों पर चर्चा की गई। बैठक में आरोग्य भारती के राष्ट्रीय प्रमुख आरोग्य मित्र प्रशिक्षण संजीवन कुमार की उपस्थिति रही। संगठन का उद्देश्य "स्वस्थ व्यक्ति, स्वस्थ परिवार, स्वस्थ समाज"स्वस्थ राष्ट्र जब ही बनेगा जब व्यक्ति को शुद्ध आहार और ऋतु चरया के अनुरूप व्यक्ति, परिवार और ग्राम स्तर पर स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा समाज में स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहित करने की दिशा में संगठन की भूमिका पर बल दिया गया। राष्ट्रीय प्रमुख आरोग्य मित्र प्रशिक्षण संजीवन कुमार ने बताया कि आज के युग में व्यक्ति की जीवन शैली में ज्यादातर लोगों को बीमारी आहार पर ही निर्भर होगई है। भारतीय घर की रसोई में ही छिपा है आरोग्य की औषधीय

बैठक का उद्देश्य आरोग्य भारती के विचारों को जन-जन तक पहुंचाना तथा स्वास्थ्य जागरूकता के माध्यम से स्वस्थ समाज के निर्माण के संकल्प को सशक्त करना रहा। बैठक में राष्ट्रीय प्रमुख आरोग्य मित्र प्रशिक्षण संजीवन कुमार जिला अध्यक्ष आरोग्य भारती गोविन्दलाल शर्मा, दिनेश जिला प्रचारक डॉक्टर प्रेम प्रकाश सुथार, उपाध्यक्ष आरोग्य भारती फलोदी रतन लाल श्री वास्तव सचिव आरोग्य भारती जोधपुर महानगर ज्ञानेश्वर जोधपुर प्रान्त विनोद छंगाणी जिला स्वास्थ्य परीक्षण आरोग्य भारती फलोदी भंवर लाल भाऊजी, अमराराम सुथार, जयराम गज्जा, प्रेम कुमार पुरोहित, राजेश सोनी, सुनीता सोनी योग शिक्षक लक्ष्मण गोयल आदि गणमान्य उपस्थित रहे।

पंच व सरपंच के चुनाव शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से संपन्न, कुल 88.09 प्रतिशत मतदान

थिंक राजस्थान • फलौदी

पंचायतीराज आम चुनाव-2026 के तहत पंच व सरपंच के मतदान शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं पारदर्शी रूप से संपन्न हुए। जिले की 9 पंचायत समितियों की 274 ग्राम पंचायतों के 492223 मतदाताओं में 433592 मतदाताओं ने मतदान किया। कुल मतदान प्रतिशत 88.09 रहा। 31 ग्राम पंचायतों में निर्विरोध चुनाव हुआ। 6 बजे मतदान प्रतिशत के अनुसार पंचायत समिति फलौदी की 34 ग्राम पंचायतों के 67155 मतदाताओं में 60212 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 89.66 रहा। पंचायत समिति आऊ की 20 ग्राम पंचायतों के 42743 मतदाताओं में 37364 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 87.42 रहा। पंचायत समिति बाप की 52 ग्राम पंचायतों के 86888 मतदाताओं में 78857 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 90.76 रहा।

पंचायत समिति बापिणी की 26 ग्राम पंचायतों के 49845 मतदाताओं में 42693 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 85.65 रहा। पंचायत समिति देचू की 21 ग्राम पंचायतों के 35698 मतदाताओं में 30547 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 85.57 रहा। पंचायत समिति घंटियाली की 37 ग्राम पंचायतों के 71204 मतदाताओं में 62724 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 88.09 रहा। पंचायत समिति लोहावट की 40 ग्राम पंचायतों के 67607 मतदाताओं में 60334 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 89.24 रहा। पंचायत समिति पीलवा की 24 ग्राम पंचायतों के 38465 मतदाताओं में 33041मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 85.90 रहा। पंचायत समिति सेतरावा की 20 ग्राम पंचायतों के 32618 मतदाताओं में 27820 मतदाताओं ने मतदान किया तथा मतदान प्रतिशत 85.29 रहा।

जिला निर्वाचन अधिकारी व पुलिस अधीक्षक द्वारा मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण :- मतदान के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अंकित कुमार सिंह तथा पुलिस अधीक्षक आदित्य काकड़े ने मतदान केंद्र खींचन,पलीना, मोटाई, जाम्भा की ढाणी, चाखु, चिमाणा, जैसला, नोखड़ा, भाटियान, भोजासर, आसोलाई, बरजासर, सजनानियों की ढाणी, ढेलाना, छीला, लॉर्डिया का निरीक्षण किया। उन्होंने मतदान केंद्रों पर तैनात मतदान दलों से व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए। इस दौरान मतदान केंद्रों पर आवश्यक मूलभूत व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गईं तथा राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुरूप मतदान प्रक्रिया को पारदर्शी ढंग से संपन्न कराया गया। जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा मतदान के दौरान कानून-व्यवस्था एवं सुरक्षा व्यवस्था पर निरंतर निगरानी रखी गई। जिले के ग्रामीण क्षेत्र में मतदाताओं ने उत्साह के साथ मतदान किया।

वंचित रहे बीपीएल परिवारों को नगर पालिका वितरित करेंगी 4 डस्टबिन

थिंक राजस्थान • पीपाड़ शहर

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के उद्देश्य से राज्य सरकार के निर्देशानुसार नगर पालिका की ओर से बीपीएल परिवारों को चार डस्टबिन वितरित किए जाएंगे। अधिशाषी अधिकारी मोहम्मद सुहेल शेख ने बताया कि इसके लिए नगर पालिका प्रशासन द्वारा पालिका परिसर में सोमवार 26 अक्टूबर को वार्ड संख्या 1 से 12 तक 27 अक्टूबर को वार्ड संख्या 13 से 24 तक 28 अक्टूबर को वार्ड संख्या 25 से 35 तक कैंप आयोजित कर डस्टबिन वितरण की व्यवस्था की जाएगी।इस पहल का उद्देश्य शहर में स्वच्छता को बढ़ावा देना और घरों से निकलने वाले कचरे के उचित प्रबंधन के प्रति लोगों को जागरूक करना है। डस्टबिन प्राप्त करने के लिए बीपीएल परिवार को राशन कार्ड साथ लाना होगा। डस्टबिन मिलने से परिवारों को कचरे को व्यवस्थित रखने में सुविधा मिलेगी तथा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने में मदद मिलेगी। वही पालिकाध्यक्ष आशा देवी कच्छवाह ने बताया कि नगर पालिका की इस पहल से स्वच्छता अभियान को गति मिलेगी।

मामाधणी के भजनों से गूंजा बड़गांव, प्रवीण पंवार की प्रस्तुतियों ने बांधा समां; नवरात्रि के भामाशाहों का किया सम्मान

थिंक राजस्थान • रानीवाड़ा

मामा कॉलोनी बड़गांव में शुक्रवार शाम 'एक शाम मामाधणी के नाम' विशाल भजन संध्या का भव्य आयोजन हुआ। प्रसिद्ध भजन कलाकार प्रवीण पंवार ने शानदार भजनों की प्रस्तुतियां देकर श्रद्धालुओं को भक्तिरस में भावविभोर कर दिया। भजन संध्या में महिला, पुरुष, बच्चों एवं बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और देर तक भजनों का आनंद लिया।

कार्यक्रम के दौरान मामाजी को भोग अर्पित कर श्रद्धालुओं को प्रसादी वितरित की गई। आयोजन में चाय-पानी एवं प्रसादी की व्यवस्था भी की गई। इस अवसर पर नवरात्रि के नौ दिनों की आरती एवं प्रसादी के चढ़ावों में सहयोग देने वाले भामाशाहों का साफा एवं माला पहनाकर सम्मान किया गया। इन भामाशाहों का हुआ सम्मान प्रथम नवरात्रि के भामाशाह भवानी सिंह भाटी, द्वितीय एवं तृतीय नवरात्रि के जबर सिंह एवं रावत सिंह दहिया, चतुर्थ नवरात्रि के ईश्वर सिंह, पंचम नवरात्रि के डाया भाई माली, षष्ठम नवरात्रि के शैलेश भाई लखारा, सप्तम नवरात्रि के हडमत सिंह चौहान, अष्टम नवरात्रि के जवाहर सिंह परमार तथा नवम नवरात्रि के भामाशाह श्री रावत मानवेन्द्र देव देवड़ा, ठिकाना बड़गांव का सम्मान किया गया। वहीं, विजयादशमी के चढ़ावे के भामाशाह सोनी राहुल कुमार को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा प्रसादी व्यवस्था में सहयोग करने वाले भामाशाहों, कमेटी सदस्यों एवं डीजे संचालकों का भी साफा एवं माला पहनाकर अभिनंदन किया गया। भजन संध्या में प्रवीण पंवार की मनमोहक प्रस्तुतियों से माहौल भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की सहभागिता एवं भामाशाहों के सहयोग से आयोजन श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ संपन्न हुआ।

राजस्थान पंचायत चुनावः

चौमूं में मतपेटी बदलने की अफवाह पर हंगामा, पुलिस पर पथराव; 7-8 लोग डिटेन

थिंक राजस्थान • जयपुर

राजस्थान के 16 जिलों में पंचायत चुनाव के पहले चरण में पंच-सरपंच पदों के लिए मतदान हुआ। शाम 6 बजे तक 80.09 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। बाड़मेर की सेड़वा पंचायत समिति में सर्वाधिक 93.03 प्रतिशत और सिरोही की कालिंद्री में सबसे कम 57.35 प्रतिशत मतदान हुआ।

जयपुर के चौमूं स्थित मोरीजा ग्राम पंचायत में वोट चोरी के आरोपों को लेकर हंगामा हो गया। आक्रोशित ग्रामीणों ने सामोद पुलिस पर पथराव किया, जिसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज कर भीड़ को खदेड़ा। तहसीलदार डॉ. विजयपाल विश्नोई के अनुसार, एक एजेंट ने मतपेटी बदले जाने की अफवाह फैलाई थी। घटना के बाद 7 से 8 लोगों को डिटेन किया गया है। वहीं, जयपुर के मौजमाबाद में दो पक्षों के बीच लाठी-डंडों से झड़प हुई। बीकानेर की रिडमलसर पुरोहितान ग्राम पंचायत में मतदान के अंतिम समय में देवीकुंड सागर केंद्र पर भीड़ जमा होने पर पुलिस ने लाठीचार्ज कर लोगों को हटाया।

शेखावाटी विरासत एवं विकास समिट : मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा, एक्सप्रेस-वे से क्षेत्र की कनेक्टिविटी को मिलेगी मजबूती

शेखावाटी की हवेलियां अमूल्य धरोहर, हेरिटेज टूरिज्म सर्किट कर रहे विकसित : सीएम

थिंक राजस्थान • जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि डबल इंजन सरकार जल संकट से मुक्ति, बेहतर कनेक्टिविटी, हवेलियों के जीर्णोद्धार और पर्यटन को प्रोत्साहित कर शेखावाटी अंचल का समग्र विकास सुनिश्चित कर रही है। शेखावाटी की वीरता, समृद्ध लोक संस्कृति और ऐतिहासिक विरासत राजस्थान की गौरवशाली पहचान है। यहां के पूर्वजों की मेहनत, ईमानदारी और समर्पण ने इस क्षेत्र को देश-दुनिया में विशिष्ट पहचान दिलाई है। यहां की ऐतिहासिक हवेलियां और धार्मिक स्थल अमूल्य धरोहर हैं, जिनका संरक्षण आने वाली पीढ़ियों के लिए आवश्यक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 'विकास भी, विरासत भी' के विजन के अनुसार राज्य सरकार इसी विरासत को संरक्षित करने के साथ ही उन्हें पर्यटन से जोड़कर रोजगार के नए अवसर सृजित कर रही है। वहीं, जल-बिजली उपलब्धता, बेहतर सड़क सम्पर्क और निवेश को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री शनिवार को जयपुर में आयोजित शेखावाटी विरासत व विकास समिट को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से नई पीढ़ी को व्यवसाय और उद्योगों से जोड़ने का आह्वान करते हुए कहा कि राजस्थानियों की मेहनत, हुनर और उद्यमशीलता की पहचान पूरी दुनिया में है। युवा पीढ़ी को प्रोत्साहित कर उसे उद्यमिता और रोजगार सृजन के अवसर उपलब्ध करवाना आवश्यक है।

सादगी भरा अंदाज...

जल सुरक्षा के लिए ऐतिहासिक पहल, शेखावाटी को मिलेगा लाभ

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश की सबसे बड़ी आवश्यकता पानी है। इसी को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए राज्य सरकार ने राम जलसेतु लिंक परियोजना, यमुना जल समझौते जैसे महत्वपूर्ण समझौते किए हैं। उन्होंने कहा कि राम जलसेतु लिंक परियोजना के अंतर्गत लगभग एक लाख करोड़ रुपए के प्रस्तावित कार्यों में से लगभग 41 हजार करोड़ रुपए के कार्य प्रारंभ हो चुके हैं। इस परियोजना से सिंचाई जल की उपलब्धता के साथ ही पेयजल और औद्योगिक आवश्यकताओं की पूर्ति में भी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि यमुना जल समझौते के माध्यम से सीकर, चूरू और झुंझुनूं जिलों की जल आवश्यकताओं को पूरा करने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। हमारी सरकार के प्रयासों से बाड़मेर और सांचौर सहित जालोर, भीनमाल एवं रानीवाड़ा क्षेत्र को नर्मदा जल समझौते का लाभ मिलने की संभावना है।

शेखावाटी हेरिटेज मीट 8 दिसम्बर को

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार विरासत को सहेजकर विकास की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की ऐतिहासिक विरासत, हवेलियों और पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए 8 दिसम्बर को शेखावाटी हेरिटेज मीट आयोजित की जाएगी। इसका उद्देश्य देश-विदेश में बसे शेखावाटी के प्रवासियों को अपनी मातृभूमि की विरासत के संरक्षण, पर्यटन विकास और निवेश के अवसरों से जोड़ना है। इस अवसर पर विधायक गोपाल शर्मा, शेखावाटी फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनोद गोयल, राष्ट्रीय संयोजक हरि शर्मा, राष्ट्रीय महामंत्री गजानंद शर्मा, राष्ट्रीय प्रभारी गिरधारी कैशोट और फाउंडेशन के अन्य पदाधिकारी सहित बड़ी संख्या में शेखावाटी अंचल के आमजन उपस्थित रहे।

देश की प्रगति में अहम योगदान

मुख्यमंत्री ने शेखावाटी फाउंडेशन के पदाधिकारियों, विरासत संरक्षण के लिए कार्य कर रहे लोगों और प्रवासी राजस्थानियों की सराहना करते हुए कहा कि शेखावाटी के उद्यमियों व भामाशाहों का देश की आर्थिक प्रगति में योगदान महत्वपूर्ण है। 'कर्मभूमि से मातृभूमि' अभियान में भी प्रवासी राजस्थानियों, भामाशाहों और सामाजिक संस्थाओं ने अपनी जिम्मेदारी निभाई है। उन्होंने कहा कि शेखावाटी की विरासत केवल हवेलियों तक सीमित नहीं है, बल्कि यहां का एक-एक कण ऐतिहासिक महत्व रखता है। सरकार का प्रयास है कि हवेलियों को सुरक्षित रखते हुए उन्हें पर्यटन गतिविधियों से जोड़ा जाए। हवेलियों और सांस्कृतिक धरोहरों के माध्यम से यहां होटल और पर्यटन उद्योग में विकास की व्यापक संभावनाएं हैं।

विंग्स ओवर गेंजेस का आज जल महल पर सीधा प्रसारण

थिंक राजस्थान • जयपुर

भारतीय वायुसेना के 94वें स्थापना दिवस पर वाराणसी उत्तर प्रदेश के नमो घाट पर होने वाले विंग्स ओवर गेंजेस एरियल डिस्प्ले का सीधा प्रसारण रविवार को सुबह 10 बजे से जल महल जयपुर पर होगा। एयर फोर्स स्टेशन जयपुर के स्टेशन कमांडर ने बताया कि इस अवसर पर 100 एयरक्राफ्ट्स, 52 फाइटर्स 15 ट्रांसपोर्ट एयरक्राफ्ट्स, 32 हेलीकॉप्टर्स और एक हेरिटेज एयरक्राफ्ट 12 अलग अलग एयर बेसिस से उड़ान भरकर वाराणसी के नमो घाट के ऊपर हवाई प्रदर्शन करेंगे। इसमें राफेल, एसयू 30एम के1, तेजस, मिराज 2000, जैगवार, एमआईजी-29 सहित सूर्य किरण एरोबेटिक टीम व सारंग हेलीकॉप्टर टीम हवाई प्रदर्शन का मुख्य आकर्षण का केंद्र होंगी।

रिजर्व पार्टी से भागा सहायक मतदान अधिकारी निलंबित

थिंक राजस्थान • जयपुर

पंचायतीराज चुनाव-2026 के तहत जिले की 8 पंचायत समितियों में निर्वाचन प्रक्रिया के लिए 21 अक्टूबर को मतदान दल रवाना किए गए थे। इस बीच, जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने बताया कि पंचायत समिति चौमूं के रिजर्व मतदान दल में सहायक मतदान अधिकारी तृतीय के पद पर तैनात एक कार्मिक 22 अक्टूबर से बिना किसी सूचना के अनुपस्थित चल रहा है। रिटर्निंग अधिकारी की रिपोर्ट के अनुसार, चौमूं मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय राधास्वामीबाग में ठहरे रिजर्व दलों में से यह कार्मिक बिना बताए गायब हो गया। इस लापरवाही पर संबंधित कार्मिक को निलंबित कर मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को मुख्यालय बनाया गया है। इसके साथ ही, 21 अक्टूबर को भवानी निकेतन फार्मेसी कॉलेज से रवानगी के दौरान अनुपस्थित रहे अन्य कार्मिकों की सूची भी तैयार की जा रही है।

रंग दे गुलाबी अभियान 2.0 : महापौर-कमिश्नर ने मूक-बधिर बच्चों के साथ बनाई पेंटिंग

जयपुर में अब दीवारें भी बोलने लगी हैं...!

थिंक राजस्थान • जयपुर

गुलाबी नगरी जयपुर को स्वच्छ, सुंदर और आकर्षक बनाने के लिए नगर निगम ने शनिवार को 'रंग दे गुलाबी 2.0' अभियान की शुरुआत की।

अभियान की शुरुआत त्रिमूर्ति सर्किल स्थित मूक-बधिर स्कूल से हुई, जहां महापौर सुनील कोठारी और कमिश्नर ओम कसेरा ने विद्यालय के बच्चों के साथ दीवारों पर रंग भरे। बच्चों ने सांकेतिक भाषा के माध्यम से आपसी तालमेल दिखाते हुए रंगों और अपनी कला के जरिये मन के भावों को उकेरा। दीवारों पर जैसे ही पेंटिंग अपने पूर्णता लेने लगी तो लगा अब जयपुर की दीवारें भी बोलने लगी हों...। महापौर ने खुद इस मौके पर कहा-बचपन के दिन याद आ गए...।

दीवारों पर रंग भरकर अभियान का शुभारंभ

2 मई को जयपुर नगर निगम ने 24 घंटे में 600 से अधिक दीवारों को रंगने का अभियान चलाया था। इस पहल को सराहना मिलने के बाद अब उसी मुहिम को आगे बढ़ाते हुए 'रंग दे गुलाबी 2.0' शुरू किया गया है। अभियान के तहत शहर के सभी 13 जोन में 617 दीवारों को सजाने का लक्ष्य रखा गया है। महापौर सुनील कोठारी और नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा ने त्रिमूर्ति सर्किल स्थित मूक-बधिर विद्यालय में बच्चों के साथ दीवारों पर रंग भरकर अभियान का शुभारंभ किया। अभियान में स्कूली विद्यार्थियों, कॉलेज छात्राओं, स्वयंसेवी संस्थाओं, स्वयं सहायता समूहों, पुलिस और सेना के जवानों सहित शहरवासियों ने हिस्सा लिया।

छात्राओं ने मांडणा कला से सजाईं दीवारें

अभियान में महारानी कॉलेज की छात्राओं और यूपीएससी की तैयारी कर रही युवतियों ने भी भागीदारी निभाई। छात्राओं ने पारंपरिक जयपुरी गेरुआ रंग और राजस्थान की लोककला मांडणा के जरिए दीवारों को आकर्षक रूप देने की पहल की। उन्होंने बताया कि हम शहर की दीवारों पर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कला को प्रदर्शित करने की कोशिश कर रहे हैं। ताकि शिक्षा, कला और जनभागीदारी के इस संगम से सार्वजनिक स्थलों को नया रूप दिया जा सके।

मंत्री राठौड़ ने भी लिया अभियान में हिस्सा

पानीपेच चौराहे पर आईजी कार्यालय के पास पुलिस और सेना के जवानों ने भी दीवारों पर पेंटिंग कर अभियान में योगदान दिया। जवानों ने अपनी रचनात्मकता के जरिए शहर को सुंदर बनाने का संदेश दिया। इसके अलावा माहेश्वरी पब्लिक स्कूल, तिलक नगर सहित विभिन्न स्थानों पर विद्यार्थियों, सामाजिक संगठनों और नागरिकों ने दीवारों की रंगाई और पेंटिंग में हिस्सा लिया। झोटवाड़ा वैशाली नगर जोन के वार्ड 27 में बायोडायवर्सिटी पार्क के सामने दीवार पर कराई गई पेंटिंग में केबिनेट मंत्री कर्नल राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने पेंटिंग कर टीम का मनोबल बढ़ाया।

किशनपोल जोन में सबसे ज्यादा दीवारें

नगर निगम ने 13 जोन के लिए अलग-अलग लक्ष्य निर्धारित किए हैं। इनमें हवामहल-आमेर में 47, सिविल लाइंस में 50, किशनपोल में 60, आदर्श नगर में 45, मालवीय नगर में 50, जगतपुरा में 45, झालाना में 45, झोटवाड़ा में 45, वैशाली नगर में 45, मानसरोवर में 35, सांगानेर में 50, मुरलीपुरा में 50 और विद्याधर नगर में 50 दीवारों को रंगने की योजना है। इन सभी का कुल लक्ष्य 617 दीवारें है। नगर निगम कमिश्नर ओम कसेरा ने बताया कि रंग दे गुलाबी 2.0 सिर्फ दीवारों को रंगने तक सीमित नहीं है। इसके जरिए सार्वजनिक स्थानों को स्वच्छ रखने, शहर की गुलाबी पहचान को मजबूत करने और नागरिकों को शहर के विकास में सहभागी बनाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसमें सभी वर्ग और उम्र के लोग हमारा सहयोग कर रहे हैं।

जयपुर जिले के मतदान केंद्रों की व्यवस्थाएं जांचने पहुंचे राज्य निर्वाचन आयुक्त और जिला निर्वाचन अधिकारी

थिंक राजस्थान • जयपुर

पंचायती राज आम चुनाव के प्रथम चरण के अंतर्गत सरपंच व पंचों के चुनाव के लिए शनिवार को हुए मतदान प्रक्रिया को पूर्ण स्वतंत्रता, निष्पक्षता एवं शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से राज्य निर्वाचन आयुक्त राजेश्वर सिंह एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) संदेश नायक ने जयपुर जिले की 8 पंचायत समितियों के प्रथम चरण के विभिन्न मतदान केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। पंचायत समिति चौमू की ग्राम पंचायत अनंतपुर (जेतपुरा) की बूथ संख्या 68 से 71, ग्राम पंचायत देवपुरा की बूथ संख्या 29 से 31 ग्राम पंचायत जयसिंहपुर के बूथ संख्या 25 से 28 तथा गोविंदगढ़ पंचायत समिति की ग्राम पंचायत मलिकपुर कि बूथ संख्या 37 से 40 तथा बूथ संख्या 41 से 45 तक के मतदान केंद्रों का निरीक्षण कर सभी आवश्यक व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

राजनिवेश पोर्टल पर सितंबर में दर्ज हुए ₹ 11,739.27 करोड़ के निवेश प्रस्ताव

जयपुर। राजस्थान में निवेश को बढ़ावा देने और व्यावसायिक प्रक्रियाओं को सरल बनाने के प्रयासों के बीच सितंबर 2026 में राजनिवेश पोर्टल पर 11,739.27 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव दर्ज हुए। मुख्य सचिव वी. श्रीनिवास ने डीरेगुलेशन एंड कम्प्लायंस रिडक्शन फेज-1 की सितंबर माह की प्रभाव आकलन रिपोर्ट के प्रमुख निष्कर्ष साझा किए। अप्रैल से सितंबर 2026 तक 31,892 आवेदन स्वीकृत हुए, जो पिछले पूरे वित्त वर्ष की 29,536 स्वीकृतियों से अधिक हैं। सितंबर में रक्षा क्षेत्र में 4,840 करोड़, पर्यटन एवं आतिथ्य में 3,058 करोड़, सौर उपकरण निर्माण में 1,000 करोड़ और रियल एस्टेट में 744 करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव आए। मुख्य सचिव के अनुसार, प्रथम चरण के सभी 23 प्राथमिकता क्षेत्रों में सुधार पूरे किए जा चुके हैं। भूमि रूपांतरण की समयसीमा 90 से घटाकर 45 दिन कर दी गई है। जयपुर विद्युत वितरण निगम में स्थायी बिजली कनेक्शन की प्रक्रिया 10 से घटाकर चार दिन की गई है। राजनिवेश की एकल खिड़की व्यवस्था पर उपलब्ध 190 सेवाओं के लिए छह माह में 60,229 आवेदन मिले।लों में जयपुर 5,501 स्वीकृतियों के साथ पहले स्थान पर रहा।

रेलवे अस्पताल की अनियमितताओं के खिलाफ कर्मचारियों का धरना

थिंक राजस्थान • जयपुर

नॉर्थ वेस्टर्न रेलवे एम्प्लाइज यूनियन के तत्वावधान में केंद्रीय चिकित्सालय की अनियमितताओं और लाभार्थियों की समस्याओं के समाधान के लिए एक दिवसीय सांकेतिक धरना दिया गया, जिसमें जयपुर मंडल के 400 से अधिक कर्मचारियों और पेंशनर्स ने हिस्सा लिया।

यूनियन महामंत्री मुकेश माथुर ने चिकित्सा निदेशक की हठधर्मिता की निंदा करते हुए चेतावनी दी कि यदि व्यवस्थाओं में सुधार नहीं हुआ, तो और उग्र संघर्ष किया जाएगा। वक्ताओं ने विरोध जताते हुए कहा कि जिन रोगों का इलाज अस्पताल में संभव नहीं है, उन्हें सूचीबद्ध निजी अस्पतालों के बजाय सिविल अस्पताल भेजना और टाटा कैंसर अस्पताल (मुंबई) जैसे दूरदराज के शहरों में रेफर करना अनुचित है। दूर-दराज से आने वाले मरीजों के लिए पंजीकृत ब्लड बैंक के रक्त को स्वीकार करने की मांग की गई। इसके अलावा, 70-80 वर्ष के बुजुर्ग पेंशनर्स को लाइन में खड़े होने की परेशानी, कैंसर की दवाइयों की भारी कमी, ब्रांडेड दवाओं के न मिलने और डॉक्टरों से 'सिक' (बीमार) अवकाश लेने का अधिकार समाप्त करने जैसे नए नियमों का पुरजोर विरोध किया गया। धरने को के.एस. अहलावत, राकेश यादव, राजीव सारण सहित कई वक्ताओं ने संबोधित किया, जिसमें बड़ी संख्या में यूनियन पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

स्वास्थ्य सेवा में समर्पण-मानवीय संवेदना सबसे बड़ा अवॉर्ड: सांसद

थिंक राजस्थान • जयपुर

बीएमसीएच व कैंसर केयर का 29वां स्थापना दिवस समारोह शनिवार को महाराणा प्रताप सभागार में आयोजित हुआ। समारोह की मुख्य अतिथि राजस्थान की सांसद मंजू शर्मा ने अपने संबोधन में बीएमसीएच की सेवाओं की सराहना करते हुए कहा कि स्वास्थ्य सेवा में समर्पण और मानवीय संवेदना सबसे बड़ा अवॉर्ड है।

बीएमसीएच के अध्यक्ष नवरतन कोठारी ने संस्थान की यात्रा और भविष्य की दिशा पर प्रकाश डाला। वरिष्ठ उपाध्यक्ष एवं कैंसर केयर की अध्यक्ष अनिला कोठारी ने कैंसर मरीजों के लिए संस्थान की प्रतिबद्धता बताई। कार्यकारी निदेशक मेजर जनरल एस.सी. पारीक (सेवानिवृत्त) ने अस्पताल की उपलब्धियों और सेवाओं के बारे में जानकारी दी। समारोह के दौरान चिकित्सालय के प्रबंध न्यासी विमल चंद सुराणा को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। इस दौरान उनके जीवन के आधारित फिल्म भी प्रदर्शित की गई। इस मौके पर मेडिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. अजय बापना, रेजिडेंट डॉ. सुरेश गुप्ता, सर्जिकल ऑन्कोलॉजी के डायरेक्टर डॉ. संजीव पाटनी, सीनियर कंसल्टेंट डॉ. शिखा तिवाड़ी, सीनियर रेजिडेंट डॉ. लता गुप्ता, रेडिएशन ऑन्कोलॉजी के सीनियर कंसल्टेंट डॉ. तेज प्रकाश सोनी को संजीवनी अवार्ड से सम्मानित किया गया।

इसके साथ स्टार टीम अवॉर्ड, वी केयर अवॉर्ड, आई केयर, मार्वल और सारथी अवॉर्ड्स देकर उन कर्मचारियों और टीमों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने रोगियों की सेवा में उल्लेखनीय योगदान दिया। इस मौके पर रेडिएशन ऑन्कोलॉजी विभाग की सामूहिक संगीत प्रस्तुति, डॉ. प्रशांत शर्मा का बांसुरी वादन, विभिन्न विभागों के नृत्य और फार्मेसी और फाइनेंशियल काउंसलिंग विभाग का नाटक ने दर्शकों का दिल जीत लिया।

नवनियुक्त पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से प्रदेश प्रभारी ने किया सीधा संवाद, संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा भी की

युवाओं को जोड़ने, मुद्दे उठाने पर जोर, युकां की नई टीम को मिला टास्क

थिंक राजस्थान • जयपुर

पंचायतीराज चुनावों और आगामी राजनीतिक गतिविधियों के बीच युवा कांग्रेस के संगठन को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूत एवं प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। हाल ही में युवा कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों तथा जिला अध्यक्षों का एक विशेष संवाद एवं स्नेह मिलन कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संगठन की आगामी कार्ययोजना और रणनीतियों को लेकर विस्तार से मंथन किया गया।

कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी विकास चिकारा ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों और जिला अध्यक्षों से सीधा संवाद करते हुए संगठनात्मक गतिविधियों की समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि संगठन की असली ताकत उसके कार्यकर्ताओं में निहित है, इसलिए युवा कांग्रेस को अधिक सक्रिय और परिणाममूलक बनाने में प्रत्येक कार्यकर्ता की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने विशेष तौर पर इस बात पर जोर दिया कि अधिक से अधिक युवाओं को कांग्रेस पार्टी की विचारधारा से जोड़ा जाना चाहिए ताकि संगठन में नई ऊर्जा का संचार हो सके।

बैठक में मुख्य रूप से यह टास्क दिया गया कि युवा नेता केवल कागजी बैठकों तक सीमित न रहें, बल्कि वे जमीनी स्तर पर उतरकर आम जनता और विशेषकर युवाओं की समस्याओं को प्रमुखता से उठाएं। बेरोजगारी, शिक्षा, रोजगार और अन्य जनहित के मुद्दों पर आक्रामक और सकारात्मक रुख अपनाते हुए सरकार की नीतियों के खिलाफ मुखर भूमिका निभाने का आह्वान किया गया। इसके साथ ही, जिला स्तर पर संगठनात्मक गतिविधियों को तेज करने, आपसी समन्वय को बेहतर बनाने और कार्यकर्ताओं के बीच निरंतर संवाद कायम रखने के निर्देश दिए गए। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य नवनियुक्त पदाधिकारियों के बीच आपसी तालमेल और एकजुटता स्थापित करना था ताकि आगामी राजनीतिक चुनौतियों का मिलकर मुकाबला किया जा सके। सभी पदाधिकारियों से अपेक्षा की गई है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में युवाओं के बीच अपनी पहुंच को और अधिक मजबूत करें और कांग्रेस पार्टी के कार्यक्रमों तथा नीतियों को घर-घर तक पहुँचाने का काम पूरी निष्ठा के साथ करें।

प्रताप का टीजर जारी, इस बार शिकारी खुद हुआ शिकार

मुंबई। फिल्म 'प्रताप' का टीजर मेकर्स ने रिलीज कर दिया है। फिल्म में अभिनेता अमित साध मुख्य भूमिका निभा रहे हैं। फिल्म के टीजर में एक पुलिसवाला और उसके पीछे चलती साजिश को दिखाया गया है। यह पुलिस ऑफिसर एक ब्लास्ट केस में फंसा हुआ है। इस केस की वजह से उसे नौकरी से बर्खास्त कर दिया जाता है। मगर वह हार नहीं मानता। जेल में रहते हुए भी वह खुद को बेगुनाह साबित करने के लिए कानून का सहारा लेता है।फिल्म प्रताप का लेखन और निर्देशन सचिन सारफ कर रहे हैं वहीं, फिल्म का निर्माण प्रदीप रंगवानी और यूवी फिल्म्स कर रहे हैं।

लाइफ Style

ईशा

कलाकार को वक्त के साथ बदलना जरूरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

ईशा कोप्पिकर ने अपने फिल्मी कॅरियर के बारे में बात की है। उन्होंने इंडियन फिल्म इंडस्ट्री में अपने अब तक के सफर और बदलते समय के साथ खुद को ढालने की अहमियत पर बात की।

तेलुगु और तमिल सिनेमा में अपने शुरुआती काम से लेकर 'कंपनी' और 'एक विवाह ऐसा भी' जैसी बॉलीवुड फिल्मों तक, ईशा कोप्पिकर ने इस बात पर जोर दिया कि इंडस्ट्री में लंबा कॅरियर बनाए रखने के लिए एक एक्ट्रेस के तौर पर लगातार एक्टिव रहना बहुत जरूरी है। इस बीच एक्ट्रेस ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उन्हें 'दिल चाहता है' रिजेक्ट करने का पछतावा है। ईशा कोप्पिकर ने बताया कि उम्र के साथ कलाकारों को खुद में बदलाव क्यों लाना चाहिए। एक बातचीत में अपने सफर को याद करते हुए, ईशा ने एक कलाकार के तौर पर चर्चा में बने रहने के बारे में अपने विचार शेयर किए, 'एक कलाकार के रूप में आप जो सबसे अच्छा काम कर सकते हैं। वह है उम्र के साथ खुद को ढालना और आगे बढ़ना। कलाकार के तौर पर हमें अक्सर लगता है कि हमारी उम्र कभी नहीं बढ़ती, लेकिन हमें बदलाव को अपनाना चाहिए और अलग-अलग तरह के किरदार निभाने चाहिए। एक ही तरह के काम से होने वाली नीरसता को तोड़ना जरूरी है, क्योंकि लोग आपको बार-बार एक ही रोल में देखकर ऊब जाते हैं। मैं इसके लिए पूरी तरह तैयार नहीं थी, क्योंकि इससे पहले मैंने बहुत ही साधारण और सीधी-सादी लड़कियों के रोल किए थे।



हॉलीवुड मसाला

ड्यून पार्ट-3 की रिलीज डेट में बदलाव

नई दिल्ली। मार्वल स्टूडियोज की अपकमिंग फिल्म एवेंजर्स: डूम्सडे को चीन में भी रिलीज किया जाएगा, जिसकी वजह से ड्यून-3 की रिलीज डेट बदली गई है। 18 दिसंबर को एवेंजर्स: डूम्सडे को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। लेकिन, चीन में ये फिल्म रिलीज से दो दिन पहले बड़े पर्दे पर प्रदर्शित की जाएगी। 16 दिसंबर को मार्वल की एवेंजर्स: डूम्सडे को चीन में आईमॅक्स सिनेमाघरों में रिलीज की जाएगी। अब निर्देशक डेनिस विलेन्यूव की ड्यून 3 को करीब दो हफ्ते बाद 31 दिसंबर को चीन में प्रदर्शित किया जाएगा।

अब डॉक्टर डूम बनकर लौट रहे 'आयरन मैन'

नई दिल्ली। हॉलीवुड मूवी अवेंजर्स डूम्सडे को लेकर दर्शकों के बीच जबरदस्त क्रेज है। इस फिल्म की सबसे बड़ी खासियतों में से एक हैं हॉलीवुड अभिनेता रॉबर्ट डाउनी जूनियर, जिन्होंने कभी आयरन मैन बनकर दुनिया भर के दर्शकों का दिल जीता था। अब वही अभिनेता मार्वल की दुनिया में डॉक्टर डूम बनकर आ रहे हैं। सुपरहीरो से सुपरविलेन बनने का उनका यही सफर फिल्म की सबसे बड़ी यूएसपी बनी हुई है। तभी तो 4600 करोड़ के प्रोडक्शन बजट और 23 से ज्यादा सुपरहीरो वाली फिल्म ने रिलीज से पहले ही 100 मिलियन डॉलर कमा लिए हैं। बता दें कि हॉलीवुड स्टार आरडीजे की उम्र 61 साल है। रॉबर्ट डाउनी जूनियर ने 2008 में रिलीज हुई फिल्म आयरन मैन से मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स की शुरुआत करने में अहम भूमिका निभाई थी।

'418' चार भाषाओं में होगी रिलीज...

मुंबई। फिल्म केजीएफ और सालार के निर्देशक प्रशांत नील तेलुगु हॉरर थ्रिलर '418' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म 23 अक्टूबर को दुनिया भर के सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है। यह फिल्म चार भाषाओं में रिलीज होने वाली है। फिल्म के ट्रेलर और स्पेशल स्क्रीनिंग को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। कीर्तन नादगौड़ा के निर्देशन में बनी यह फिल्म दिलचस्प है, क्योंकि यह अपने ओरिजिनल रिलीज प्लान से आगे बढ़ गई है। इस प्रोजेक्ट को सपोर्ट करने वाली मैथरी मूवी मेकर्स ने शुरू में इसे तेलुगु में रिलीज करने का प्लान बनाया था। हालांकि फिल्म को मिले अच्छे रिस्पॉन्स के बाद मेकर्स अब इसे तेलुगु, कन्नड़, तमिल और हिंदी में रिलीज करने वाले हैं। यह फिल्म एक बिल्डिंग के रूम नंबर 418 के राज के इर्द-गिर्द घूमती है।

खोसला का घोसला-2 की रिलीज डेट बदली

नई दिल्ली। फिल्म 'खोसला का घोसला 2' की रिलीज डेट बदल दी गई है। फिल्म के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर नया पोस्टर शेयर करते हुए इसकी नई रिलीज डेट का ऐलान किया है। उन्होंने पोस्ट के साथ लिखा, 'सौदा पक्का! खोसला परिवार सिनेमाघरों पर कब्जा करने के लिए तैयार है। 'खोसला का घोसला 2' 5 मार्च 2027 को बड़े पर्दे पर आ रही है।' 'खोसला का घोसला 2' में पहली फिल्म के कई कलाकार एक बार फिर नजर आएंगे। इनमें अनुपम खेर, बोमन ईरानी, रणवीर शौरी, किरण जुनेजा और परवीन डबास शामिल हैं। वहीं, साल 2006 में आई पहली फिल्म का हिस्सा रहीं तारा शर्मा भी इस सीक्वल में नजर आएंगी। जबकि नए कलाकारों में फिल्म से रवि किशन और दिव्य खोसला भी जुड़े हैं। 'खोसला का घोसला' साल 2006 में रिलीज हुई थी।

टीवी मसाला

पवन की एंट्री से मची धूम रूलर्स के बीच छिड़ी जंग

नई दिल्ली। राइज एंड फॉल सीजन 2 में काजल और सारा के डबल एविक्शन के बाद शो में मुकाबला और भी दिलचस्प हो गया है। गौतम गुलाटी और प्रियंका चाहर चौधरी ने फिलहाल एक-दूसरे से दुश्मनी भुलाकर साथ आने का फैसला किया है। शो के पेंटहाउस में इरीना रुडाकोवा और निहारिका तिवारी के बीच जसवंत बोपन्ना को लेकर चर्चा हुई। घर में यह अटकलें लगाई जा रही थीं कि जसवंत की निहारिका में रोमांटिक दिलचस्पी है। हालांकि, निहारिका ने इस बात को खारिज कर दिया। घर के दूसरे सदस्यों के बीच भी इस मुद्दे पर चर्चा होती रही। शो में मनोरंजन का तड़का लगाने के लिए भोजपुरी अभिनेता पवन सिंह टावर पहुंचे। इस खास कार्यक्रम को स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला ने होस्ट किया। इस दौरान पवन सिंह ने शो में अपने पिछले अनुभव को भी याद किया। उन्होंने कहा, 'मेरा मूड बदलते रहता था। शुरुआती दिनों में पहले दिन लगा कि मेरी सांस रुक जाएगी। मुझे खुले में रहने की आदत है, लेकिन धीरे-धीरे सब ठीक हो गया।' इस कार्यक्रम में निहारिका और जसवंत ने परफॉर्म किया। वहीं, इरीना ने पवन सिंह के साथ डांस किया। करण पटेल और ऋषभ ने रूलर्स और वर्कर्स की नकल उतारकर सभी को खूब हंसाया। मनोरंजन से भरी शाम के बाद शो में खेल फिर शुरू हुआ। इस बार पेंटहाउस में रहने वाले दो रूलर्स को बेसमेंट में भेजने के लिए नॉमिनेशन की प्रक्रिया हुई। नियम के मुताबिक, कंटेस्टेंट्स को विरोधी टिकड़ी के सदस्यों के नाम पर वोट देना था।

गौरव के हाथ लगा एकता का नया शो

नई दिल्ली। गौरव खन्ना अब एकता कपूर के अपकमिंग शो में नजर आएंगे और उनके साथ श्रद्धा आर्या लीड रोल में होंगी। पिछले दिनों ही शो का टीजर जारी किया था और अब दोनों ने सेट पर साथ पूजा की है।

हालांकि, अब तक शो के नाम का ऐलान नहीं हुआ है। हाल ही में शो का टीजर जारी किया गया था और अब श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना ने सेट पर मुहूर्त पूजा के साथ अपने नए शो का आगाज किया है, जिसे लेकर फैंस काफी उत्साहित हैं। सोशल मीडिया पर श्रद्धा आर्या और गौरव खन्ना की कुछ तस्वीरें और वीडियो वायरल हो रहे हैं, जिसमें दोनों को अपने नए शो के सेट पर पूजा करते देखा जा सकता है। दोनों ने सेट पर दुर्गा पूजा की रस्में निभाईं और भक्ति में लीन नजर आए। इन तस्वीरों और वीडियो में दोनों सफेद रंग के ट्रेडिशनल लुक में नजर आ रहे हैं।

सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' ने किया था कैबरे डांस, 77 साल पहले आई फिल्म का है ये गीत

नई दिल्ली। आजकल शादी, पार्टी और गेट-टूगेदर्स में जब डांस सॉन्ग्स की बात आती है तो ज्यादातर आइटम सॉन्ग्स पर ही लोग झूम-झूमकर नाचते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं भारत की पहली आइटम गर्ल कौन थी और उन्होंने 77 साल पहले एक ऐसे गाने पर कैबरे डांस किया था जिस पर उस दौर पर में पार्टी में लोग खूब नाचते थे। सिनेमा की पहली 'आइटम गर्ल' कुकू मोरे ने 77 साल पहले रिलीज हुई फिल्म बरसात के गाने पतली कमर है, तिरछी नजर है में कैबरे डांस किया था। इसमें मोरे ने प्रेमनाथ के साथ शानदार डांस किया था। इस आइकॉनिक ट्रैक को शंकर-जयकिशन की जोड़ी ने कंपोज किया था, वहीं स्वर कोकिला लता मंगेशकर और मुकेश की जोड़ी ने इसे अपनी शानदार आवाज से सजाया था।

हेलेन की मेंटर थीं कुकू

1940 के दशक के बॉलीवुड में डांसिंग की क्वीन मानी जाने वालीं कुकू मोरे एक ऐसी कलाकार थीं, जिन्होंने हेलेन के स्टार बनने से पहले उन्हें गाइड करने में मदद की थी। इतना ही नहीं, उन्हें सिनेमा की पहली आइटम गर्ल भी माना जाता है। कुकू मोरे बॉलीवुड की पहली कैबरे/वैम्प डांस बनीं और उन्हें हिंदी सिनेमा में डांस नंबर कल्चर की शुरुआत करने वाली कलाकार माना जाता है। उनके जबरदस्त डांस मूव्स और लचीलेपन की वजह से उन्हें 'रबर गर्ल' कहा जाता था और वे अपने डांस के लिए अच्छी खासी फीस भी लेती थी।

बरसात के बारे में

'बरसात' 1949 में रिलीज हुई थी जिसे राज कपूर ने डायरेक्ट किया था। इस फिल्म में कपूर और नरगिस की मशहूर जोड़ी के साथ प्रेम नाथ भी थे और इसी फिल्म से एक्ट्रेस निम्मी ने अपने फिल्मी करियर की शुरुआत की थी।'बरसात' कपूर के डायरेक्ट की गई शुरुआती बड़ी हिट फिल्मों में से एक थी। इस कामयाबी की वजह से कपूर 1950 में आरके स्टूडियो खरीद पाए।

शबाना के बेबाक बोल- न नमाज पढ़ती हूं, न धर्म से कोई वास्ता

मुंबई। हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री शबाना आजमी अपनी बेबाक राय और सामाजिक मुद्दों पर खुलकर बोलने के लिए जानी जाती हैं। हाल ही में उन्होंने अपने धर्म, आस्था और पारिवारिक परवरिश को लेकर ऐसा बयान दिया है, जिसकी चर्चा हो रही है। शबाना ने बताया कि वह मुस्लिम हैं और उन्हें ईद मनाना, उर्दू भाषा और पारंपरिक खानपान पसंद है, लेकिन वह नमाज नहीं पढ़ती और न ही धर्म से उनका कोई औपचारिक जुड़ाव है। अभिनेत्री के मुताबिक, उनके लिए आस्था पूरी तरह व्यक्तिगत मामला है और इसमें राज्य या सरकार का हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने अपने पति और मशहूर गीतकार जावेद अख्तर के नास्तिक विचारों का भी जिक्र किया। शबाना आजमी ने एक बातचीत के कार्यक्रम में अपने परिवार और धार्मिक विचारों के बारे में खुलकर बात की। उन्होंने बताया कि उनके पिता कैफी आजमी नास्तिक थे, जबकि उनकी मां धर्म का पालन तो करती थीं, लेकिन बहुत गंभीरता से नहीं।

अभिनेत्री ने कहा कि उनकी भाषा में 'माशाअल्लाह' और 'इंशाअल्लाह' जैसे शब्द सहज रूप से शामिल हैं। हालांकि उनके पति जावेद अख्तर कभी-कभी इस पर सवाल उठाते हैं। शबाना के अनुसार जावेद उनसे पूछते हैं कि अगर कोई व्यक्ति बार-बार 'प्रभु जी की मर्जी' कहे तो उन्हें कैसा लगेगा। इस पर अभिनेत्री का मानना है कि कुछ शब्द हमारी भाषा और सांस्कृतिक परिवेश का हिस्सा बन जाते हैं। उनका इस्तेमाल हमेशा धार्मिक विश्वास का संकेत नहीं होता। अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जुड़ाव के बारे में शबाना आजमी ने स्पष्ट किया कि वह मुस्लिम हैं और अपनी सांस्कृतिक पहचान से जुड़ी चीजों को पसंद करती हैं। उन्हें ईद का त्योहार, उर्दू भाषा और पारंपरिक खाना अच्छा लगता है। हालांकि उन्होंने यह भी कहा कि उनके परिवार में नमाज पढ़ने की परंपरा नहीं है और धर्म के साथ उनका कोई औपचारिक संबंध नहीं है।

हॉरर-थ्रिलर से लेकर सस्पेंस-कॉमेडी का मिलेगा मजा

आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात फिल्में होंगी रिलीज

नई दिल्ली। आज सिनेमाघरों में अलग-अलग जॉनर की सात बॉलीवुड फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। इस हफ्ते दर्शकों को क्रिकेट के रोमांच से लेकर पारिवारिक रिश्तों, प्यार, एक्शन, कॉमेडी और खौफनाक रहस्यों तक का अनुभव मिलेगा। अगर आप वीकेंड पर थिएटर में फिल्म देखने की योजना बना रहे हैं, तो इन फिल्मों की कहानी और जॉनर के बारे में जान सकते हैं।

दूसरा *: स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'दूसरा' की कहानी भारतीय क्रिकेट के एक यादगार दौर से प्रेरित है। फिल्म में साल 2002 की नेटवेस्ट सीरीज में भारत की ऐतिहासिक जीत की पृष्ठभूमि दिखाई गई है। लॉर्ड्स के मैदान पर मिली इस जीत ने भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों के बीच खास जगह बनाई थी। फिल्म इसी ऐतिहासिक घटना के साथ एक युवा लड़की की कहानी को जोड़ती है। क्रिकेट के जुनून, उस दौर के माहौल और भारतीय क्रिकेट में आए बदलावों को पेश करने वाली यह फिल्म खेल पर आधारित कहानियां पसंद करने वाले दर्शकों के लिए दिलचस्प हो सकती है।*

लिटिल थॉमस *: लिटिल थॉमस एक फैमिली ड्रामा है, जिसकी कहानी 1990 के दशक के गोवा में स्थापित है। फिल्म का मुख्य किरदार सात साल का थॉमस है, जो अपने परिवार में एक छोटे भाई की चाहत रखता है। उसकी इस मासूम इच्छा के बाद परिवार में क्या बदलाव आते हैं और रिश्तों पर इसका क्या असर पड़ता है, कहानी इसी के इर्द-गिर्द आगे बढ़ती है। बच्चों की भावनाओं और पारिवारिक रिश्तों को केंद्र में रखने वाली यह फिल्म हल्की-फुल्की और भावनात्मक कहानी देखने वालों को आकर्षित कर सकती है।*

उड़ता तीर: अगर आप इस वीकेंड कुछ हल्का-फुल्का और मनोरंजक देखना चाहते हैं, तो 'उड़ता तीर' एक विकल्प हो सकती है। स्पाई कॉमेडी और फैमिली एंटरटेनर के तौर पर पेश की जा रही इस फिल्म में एक ऐसे जासूस की कहानी है, जिसकी गलतियां उसे बड़ी मुसीबत में डाल देती हैं। उसके कारण जासूसी की दुनिया में घटनाओं का ऐसा सिलसिला शुरू होता है, जो कई मजेदार परिस्थितियां पैदा करता है। फिल्म में जासूसी के रोमांच के साथ हास्य का मेल देखने को मिलेगा। परिवार के साथ मनोरंजन की तलाश कर रहे दर्शकों की इसमें दिलचस्पी हो सकती है।

तू है मेरी किरण : सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल की फिल्म 'तू है मेरी किरण' रोमांस और सस्पेंस का मेल है। फिल्म में दोनों कलाकारों के किरदारों के बीच प्रेम कहानी दिखाई गई है, लेकिन उनका रिश्ता उतार-चढ़ाव और अप्रत्याशित मोड़ों से गुजरता है। कहानी में प्यार के साथ रहस्य का पहलू भी जुड़ा है, जो दर्शकों की उत्सुकता बनाए रखने की कोशिश करेगा। रोमांटिक कहानियों में सस्पेंस और रिश्तों की जटिलताएं पसंद करने वाले दर्शक इस फिल्म को अपनी वीकेंड वॉचलिस्ट में शामिल कर सकते हैं।

तुम मेरे हो *: 'तुम मेरे हो' में प्रेम कहानी को एक्शन और एडवेंचर के साथ पेश किया गया है। फिल्म की कहानी दो प्रेमियों के इर्द-गिर्द घूमती है, जिन्हें अपने रिश्ते को बनाए रखने के लिए कई मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। इन चुनौतियों के बीच उनके रिश्ते की परीक्षा होती है और यह सवाल सामने आता है कि मुश्किल हालात में उनका प्यार कितना मजबूत साबित होगा। रोमांस के साथ तेज रफ्तार घटनाएं और एक्शन पसंद करने वाले दर्शकों के लिए यह फिल्म एक विकल्प हो सकती है।*

पहला प्यार दूसरी बार *: रोमांटिक कॉमेडी 'पहला प्यार दूसरी बार' की कहानी पुराने प्यार के दोबारा जिंदगी में लौटने के विचार पर आधारित है। किसी पुराने रिश्ते की वापसी के बाद जिंदगी पहले जैसी नहीं रहती और नए सवाल खड़े होने लगते हैं। प्यार, दोस्ती और आपसी रिश्तों के बीच पैदा होने वाली उलझनों को फिल्म में रोमांस और कॉमेडी के अंदाज में दिखाया गया है। पहले प्यार से जुड़ी भावनाओं और रिश्तों में आने वाले बदलावों पर आधारित कहानियां पसंद करने वालों को यह फिल्म पसंद आ सकती है।*

जापान की हिना अकेची को तीन गेम के रोमांचक मुकाबले में हराया, फाइनल में दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-1 आन से यंग से होगी भिड़ंत

फ्रेंच ओपन के फाइनल में सिंधू का धमाकेदार प्रवेश, अब खिताब से एक कदम दूर

एजेंसी . पेरिस

भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रेंच ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। शनिवार को खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में सिंधू ने जापान की हिना अकेची को तीन गेम तक चले रोमांचक मुकाबले में 21-10, 20-22, 21-16 से शिकस्त दी। एक घंटे 13 मिनट तक चले इस मुकाबले में भारतीय खिलाड़ी ने दबाव के क्षणों में संयम बनाए रखते हुए जीत हासिल की। अब सिंधू की नजरें खिताब जीतने पर टिकी हैं। मुकाबले की शुरुआत में

दोनों खिलाड़ियों के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिली। स्कोर 4-4 और फिर 8-8 से बराबर रहा। इसके बाद सिंधू ने अपनी लय हासिल करते हुए मध्यांतर तक 11-9 की बढ़त बना ली। ब्रेक के बाद भारतीय खिलाड़ी ने आक्रामक रुख अपनाया और शानदार स्मैश तथा सटीक शॉट्स की मदद से लगातार अंक जुटाए। सिंधू ने अंतिम 12 में से 11 अंक जीतकर पहला गेम महज 18 मिनट में 21-10 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में जापान की हिना अकेची ने बेहतरीन वापसी करते हुए मुकाबले को रोमांचक बना दिया। शुरुआती पिछड़ने के बाद सिंधू ने अपनी गति बढ़ाई और स्कोर 7-7 से बराबर कर दिया। दोनों खिलाड़ियों के बीच 14-14 तक कड़ा संघर्ष देखने को मिला। विश्व रैंकिंग में 11वें स्थान पर काबिज सिंधू ने क्रॉस-कोर्ट स्मैश और चतुराई भरे रिटर्न से विरोधी खिलाड़ी को चुनौती दी। जापानी खिलाड़ी ने गेम जीत लिया।

अनुभव ने दिलाई जीत...

तीसरे और निर्णायक गेम में सिंधू ने 5-3 की बढ़त के साथ शुरुआत की, लेकिन अकेची ने वापसी करते हुए 6-5 से बढ़त बना ली। इसके बाद सिंधू ने खेल पर नियंत्रण हासिल किया और मध्यांतर तक दो अंकों की बढ़त बनाए रखी। मुकाबले में एक समय स्कोर 15-15 से बराबर हो गया। इसके बाद 38 शॉट तक चली लंबी रैली निर्णायक साबित हुई। रैली के अंत में अकेची की नेट पर हुई गलती से सिंधू को 18-16 की बढ़त मिल गई। भारतीय खिलाड़ी ने इसके बाद शानदार नेट शॉट और क्रॉस-कोर्ट स्मैश लगाते हुए 21-16 से गेम जीत लिया। इस जीत के साथ सिंधू इस साल दूसरी बार सुपर 750 टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची हैं। इससे पहले उन्होंने जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था। अब फाइनल में उनका सामना दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर-1 खिलाड़ी आन से यंग से होगा। हालांकि, अकेची ने महत्वपूर्ण मौकों पर बेहतर प्रदर्शन किया।

एक और बड़ी उपलब्धि

सिंधू के सामने खिताबी मुकाबले में कड़ी चुनौती होगी। हालांकि, सेमीफाइनल में उनके प्रदर्शन और निर्णायक क्षणों में दिखाए गए संयम ने उनकी तैयारियों को मजबूती दी है। भारतीय प्रशंसकों को उम्मीद है कि सिंधू फाइनल में भी एक और बड़ी उपलब्धि हासिल करेंगी। 31 वर्षीय खिलाड़ी ने इससे पहले जुलाई में जापान ओपन सुपर 750 का खिताब जीता था।

ब्रीफ खबरें

मेयर कोठारी ने किया JYWS प्रीमियर लीग का शुभारंभ

जयपुर। ज्वैलर्स यूथ वेलफेयर सोसाइटी (JYWS) की प्रीमियर लीग सीजन-6 का शनिवार को एसजे पब्लिक स्कूल, जयपुर में भव्य शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि मेयर सुनील कोठारी ने दीप प्रज्वलित कर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया तथा ट्रॉफी का अनावरण कर पहली गेंद खेली। समारोह में ज्वैलर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष राजू मंगोड़ीवाला विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस दो दिवसीय टूर्नामेंट में कुल 16 टीमें, जिनमें 12 पुरुष और चार महिला टीमें शामिल हैं, हिस्सा ले रही हैं। लीग के इतिहास में पहली बार महिला खिलाड़ियों की टीमें मैदान में उतरी हैं।

प्रतियोगिता में 150 से अधिक खिलाड़ी बॉक्स क्रिकेट प्रारूप में आठ-आठ ओवर के मुकाबले खेल रहे हैं। कुल 44 मैचों के बाद फाइनल 25 अक्टूबर को होगा। कोठारी ने खिलाड़ियों को जयपुर को स्वच्छ और हरा-भरा बनाने की अपील की।

जयपुर एशिया गोल्फ कप के पोस्टर का विमोचन

जयपुर। SAFGR जयपुर एशिया गोल्फ कप के दूसरे संस्करण के पोस्टर का विमोचन पद्मनाभ सिंह ने शुक्रवार को किया। इस अवसर पर रोटरी क्लब जयपुर मिडटाउन की अध्यक्ष रोटेरियन रानू श्रीवास्तव, टूर्नामेंट संयोजक रोटेरियन अतुल पोद्दार, रोटेरियन ऋषभ राजवंशी, के.पी. बजाज और सुषमा बजाज उपस्थित रहे। आयोजकों ने सिंह को प्रतियोगिता की रूपरेखा और इसके अंतरराष्ट्रीय महत्व की जानकारी दी। आगामी टूर्नामेंट में भारत सहित एशिया के विभिन्न देशों से लगभग 120 गोल्फरों के भाग लेने की उम्मीद है। पद्मनाभ सिंह ने आयोजन में रुचि दिखाते हुए आयोजकों का उत्साहवर्धन किया और सहयोग एवं सहभागिता का आश्वासन दिया।

फुटबॉल: जयपुर, श्रीगंगानगर, कोटा, जोधपुर सेमीफाइनल में

आबू पर्वत। राजस्थान फुटबॉल संघ के तत्वावधान में आबू पर्वत में आयोजित राजस्थान सीनियर स्टेट फुटबॉल टूर्नामेंट के तीसरे दिन चार रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले खेले गए। इनमें जयपुर, कोटा, जोधपुर और श्रीगंगानगर की टीमों ने जीत दर्ज की और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की की। प्रतियोगिता के सचिव दिलीप सिंह शेखावत ने बताया कि पहले क्वार्टर फाइनल मुकाबले में जयपुर ने उदयपुर को 5-1 से हराया। दूसरे मुकाबले में कोटा ने अजमेर को 4-0 से पराजित किया। तीसरे क्वार्टर फाइनल में जोधपुर ने भीलवाड़ा को 6-0 से करारी शिकस्त दी। अंतिम मुकाबले में श्रीगंगानगर ने बीकानेर को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

विश्व कुश्ती चैंपियनशिप में ललित ही दर्ज कर सके जीत

अस्ताना। विश्व कुश्ती चैंपियनशिप के पहले दिन भारतीय पहलवानों का प्रदर्शन निराशाजनक रहा जहां ग्रीको- रोमन वर्ग में उतरे चार पहलवानों में केवल ललित ही जीत दर्ज कर सके। ललित को भी 55 किग्रा वर्ग के क्वार्टर फाइनल में ईरान के पायम फरजाद अहमदी से सामना करना पड़ा। ललित ने प्री-क्वार्टर फाइनल में तुर्किये के ओमर हालिस रेचेप के खिलाफ

दमदार वापसी करते हुए 9-7 से जीत हासिल की। जबरदस्त जुझारूपन दिखाते हुए नौ अंक जुटाए और मुकाबला नाम लिया। रेपेशाज के जरिये वापसी की उम्मीद अभी कायम है।

पांच मैचों की सीरीज में भारत 2-0 से आगे, रेड्डी के साथ 69 रन की अटूट साझेदारी

दूसरा टी-20: तिलक का तूफानी अर्धशतक, भारत ने न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया

एजेंसी . क्राइस्टचर्च

तिलक वर्मा के नाबाद अर्धशतक और नीतिश कुमार रेड्डी की विस्फोटक बल्लेबाजी की बदौलत भारतीय टीम ने दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले में न्यूजीलैंड को चार विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 2-0 की बढ़त बना ली। शनिवार को खेले गए रोमांचक मुकाबले में भारत ने 181 रन का लक्ष्य 19.5 ओवर में छह विकेट खोकर हासिल कर लिया। 51 रन की नाबाद पारी खेलने वाले तिलक वर्मा को प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया।

मुश्किल में फंसी टीम, तिलक-नीतिश ने पलटा मैच: लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारतीय टीम की शुरुआत अच्छी नहीं रही और नियमित अंतराल पर विकेट गिरते रहे। कप्तान श्रेयस अय्यर की अगुवाई वाली टीम एक समय 11वें ओवर में 70 रन पर पांच विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही थी। 181 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारतीय टीम को शुरुआती झटके लगे थे। संजू सैमसन, अभिषेक शर्मा, वैभव सूर्यवंशी, कप्तान श्रेयस अय्यर और अक्षर पटेल के आउट होने से टीम दबाव में आ गई थी। न्यूजीलैंड के कप्तान मिचेल सैंटनर ने शानदार गेंदबाजी करते हुए चार विकेट हासिल किए।

इसके बाद तिलक वर्मा ने जिम्मेदारी संभाली। उन्होंने 26 गेंदों पर छह चौकों और एक छक्के की मदद से नाबाद 51 रन बनाए। दूसरे छोर पर नीतिश कुमार रेड्डी ने 13 गेंदों पर नाबाद 26 रन की पारी खेली। दोनों ने सातवें विकेट के लिए महज 30 गेंदों में 69 रन की अटूट साझेदारी कर भारत को यादगार जीत दिलाई।

सीरीज जीतने के करीब भारत: इस जीत के साथ भारतीय टीम ने पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-0 की बढ़त हासिल कर ली है। अब टीम की नजरें अगले मुकाबले में भी जीत दर्ज कर श्रृंखला पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर होंगी। तिलक वर्मा और नीतिश रेड्डी की मैच जिताऊ साझेदारी ने भारतीय टीम की बल्लेबाजी की गहराई और दबाव में मुकाबला जीतने की क्षमता को साबित किया। अर्शदीप सिंह ने दो विकेट लिए, जबकि प्रिंस यादव, भुवनेश्वर कुमार और नीतिश कुमार रेड्डी को एक-एक सफलता मिली।

सैंटनर की फिरकी ने बढ़ाई भारत की मुश्किलें

न्यूजीलैंड की ओर से मिचेल सैंटनर सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने चार ओवर में 21 रन देकर चार विकेट झटके। अभिषेक शर्मा ने 27 रन और नमन धीर ने 31 रन बनाए, लेकिन उनके आउट होने से भारतीय टीम दबाव में आ गई। संजू सैमसन ने 14 और अक्षर पटेल ने 11 रन का योगदान दिया। हालांकि, तिलक और नीतिश ने धैर्य और आक्रामकता का बेहतरीन तालमेल दिखाया। इससे पहले न्यूजीलैंड ने पांच विकेट पर 180 रन बनाए। शुरुआती झटकों के बाद ग्लेन फिलिप्स और बेवोन जैकब्स ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए चौथे विकेट के लिए बड़ी साझेदारी की। फिलिप्स ने 43 गेंदों पर 70 रन बनाए, जिसमें चार चौके और चार छक्के शामिल रहे। जैकब्स ने 56 रन की पारी खेली। दोनों ने भारतीय गेंदबाजों का सामना करते हुए टीम को मजबूत स्थिति में पहुंचाया।

पूरे देश को तुम पर भरोसा है: गंभीर

भारत की जीत के नायक रहे तिलक वर्मा ने कहा कि मैच से पहले मुख्य कोच गौतम गंभीर और बल्लेबाजी कोच सितांशु कोटक ने उन पर भरोसा जताते हुए कहा था कि पूरा देश उनसे उम्मीद लगाए बैठा है और अगर वह अंत तक टिके रहे तो भारत जीत सकता है। भारतीय टीम जीत के लिए 180 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए एक समय मुश्किल में घिर गई थी। टीम ने 15वें ओवर में 112 रन पर छह विकेट गंवा दिए थे। तिलक ने यहां से मोर्चा संभालते हुए नमन धीर (17 गेंदों पर 31 रन) के साथ 25 गेंदों में 42 रन की अहम साझेदारी करने के बाद नीतीश कुमार रेड्डी (13 गेंदों पर नाबाद 26 रन) के साथ 30 गेंदों में नाबाद 69 रन जोड़कर भारत को चार विकेट से जीत दिला दी। तिलक ने मैच के बाद कहा, "मैं सिर्फ यही सोच रहा था कि अंत तक बल्लेबाजी करनी है। अगर तुम अंत तक बल्लेबाजी करोगे तो हम जीत सकते हैं।

मुंबई इंडियंस के हेड कोच बने पोलार्ड

मुंबई। आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस ने वेस्टइंडीज के पूर्व दिग्गज ऑलराउंडर कीरोन पोलार्ड को टीम का नया हेड कोच नियुक्त किया है। मुंबई इंडियंस के साथ 16 वर्षों से जुड़े पोलार्ड अब खिलाड़ी और बैटिंग कोच के बाद मुख्य कोच की भूमिका निभाएंगे। मुंबई इंडियंस की सह-मालकिन नीता एम. अंबानी ने इस नियुक्ति पर खुशी जताते हुए कहा कि पोलार्ड 22 वर्ष की उम्र में टीम से जुड़े थे और 16 वर्षों में परिवार का अहम हिस्सा बन गए हैं। हेड कोच बनने पर पोलार्ड ने नीता अंबानी, आकाश अंबानी और एमआई परिवार का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि एम आई उनके जीवन, करियर का महत्वपूर्ण हिस्सा रही।

तीरंदाजी : राजस्थान को रजत पदक

जयपुर। जगतपुरा स्थित तीरंदाजी रेंज में आयोजित 46वीं NTPC जूनियर नेशनल तीरंदाजी चैंपियनशिप के तीसरे दिन राजस्थान की पुरुष कंपाउंड टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रजत पदक हासिल किया। 22 से 27 अक्टूबर तक आयोजित इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में देशभर के खिलाड़ियों के बीच कड़े मुकाबले देखने को मिले।

राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि पुरुष कंपाउंड टीम स्पर्धा में प्रद्म्न यादव, वासु यादव, प्रबल प्रताप और आर्यन पारीक ने बेहतरीन निशानेबाजी और तालमेल का प्रदर्शन किया। चारों खिलाड़ियों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत राजस्थान की टीम दूसरे स्थान पर रही और रजत अपने नाम किया। भारतीय तीरंदाजी संघ के CEO संचित गुलानी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप: राजस्थान के 10 खिलाड़ी मेन ड्रॉ से एक कदम दूर

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

सवाई मानसिंह स्टेडियम कोर्ट्स पर आयोजित सब-जूनियर और जूनियर नेशनल स्क्वैश चैंपियनशिप में राजस्थान के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन किया। आयोजन सचिव सुरभि मिश्रा के अनुसार प्रतियोगिता के तीसरे राउंड में सात खिलाड़ियों ने जीत दर्ज कर अपने-अपने आयु वर्ग के चौथे दौर में जगह बनाई। वहीं, राजस्थान के तीन अन्य खिलाड़ी भी अगले दौर में पहुंचकर मुख्य ड्रॉ में प्रवेश के करीब हैं। बॉयज अंडर-11 वर्ग में अमय महाजन ने हरियाणा के समर को 3-0 से, जबकि प्रथम चौधरी ने महाराष्ट्र के शौनिक को 3-2 से हराया। गर्ल्स अंडर-11 में लक्षाण्या राजावत ने मध्य प्रदेश की अनायशा खरे को 3-0 से पराजित किया। बॉयज अंडर-13 वर्ग में वीर श्रृंगी ने तमिलनाडु के कृथिक एनबी को 3-0 से शिकस्त दी। बॉयज अंडर-15 में धैर्य गोगिया ने गोवा के कियान निर्मय को हरा अगले दौर में प्रवेश किया।

टीम जयपुर एक बार फिर बीएम बिड़ला कप विजेता

सिटी रिपोर्टर . जयपुर

जयपुर पोलो सीज़न के अंतर्गत शनिवार को राजस्थान पोलो क्लब में फ्लडलाइट्स की रोशनी में बीएम बिड़ला कप का फाइनल मुकाबला खेला गया। इसमें टीम जयपुर ने टीम मेफेयर पोलो को 8-6 के स्कोर से हराकर कप अपने नाम कर लिया। मुख्य अतिथि एनबीसी बीयरिंग्स के चीफ टेक्निकल ऑफिसर, डॉ लोकेश अग्रवाल ने विजेता टीम जयपुर को ट्रॉफी प्रदान की। मोस्ट वैल्युएबल प्लेयर का खिताब देवव्रत सिंह झालामंड को मिला। टीम जयपुर की ओर से पद्मनाभ सिंह ने 5 गोल दागे। डीनो धनखड़ ने 2, विश्वराज राठौड़ ने 1 गोल किया। मेफेयर पोलो से सिद्धांत सिंह ने 3 गोल, शमशीर अली ने 2 गोल और देवव्रत झालामंड ने 1 गोल किया।

दूसरे वनडे में 2-0 की बढ़त पर नजरें: पहले मुकाबले में भारत ने नौ विकेट से दर्ज की थी शानदार जीत

जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीतने उतरेगी भारतीय महिला टीम

एजेंसी . वडोदरा

आत्मविश्वास से लबरेज भारतीय महिला क्रिकेट टीम रविवार को जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे वनडे मुकाबले में उतरेगी। भारतीय टीम की नजरें इस मैच में जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल करने पर होंगी। टी20 श्रृंखला में जिम्बाब्वे को 3-0 से हराने के बाद भारत ने पहले वनडे में भी दमदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट से जीत हासिल की थी। ऐसे में मेजबान टीम दूसरे मुकाबले में भी अपना दबदबा कायम रखना चाहेगी। पहले वनडे में भारतीय बल्लेबाज प्रतिका रावल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाबाद 100 रन की पारी खेली थी। उन्होंने कप्तान स्मृति मंधाना के साथ पहले विकेट के लिए 94 रन की महत्वपूर्ण साझेदारी की। दोनों बल्लेबाजों ने आक्रामक अंदाज में रन बनाए और जिम्बाब्वे के गेंदबाजों को दबाव में रखा। भारत ने लक्ष्य से काफी पहले मुकाबला अपने नाम कर लिया। प्रतिका की यह पारी खास रही।

श्रीचरणी-गौड़ की प्रभावी गेंदबाजी

भारतीय गेंदबाजों ने भी पहले मुकाबले में शानदार प्रदर्शन किया। स्पिनर श्रीचरणी ने अपने करियर का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 23 रन देकर चार विकेट हासिल किए। वहीं, तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने तीन विकेट लेकर जिम्बाब्वे की बल्लेबाजी को झकझोर दिया। भारतीय गेंदबाजों की अनुशासित गेंदबाजी के सामने जिम्बाब्वे की टीम 197 रन पर सिमट गई। श्रीचरणी ने अपनी लाइन और लेंथ बनाए रखी। पहले मैच में शानदार जीत के बावजूद भारतीय टीम को अपनी फील्डिंग पर ध्यान देना होगा। जिम्बाब्वे की पारी की शुरुआत में भारत ने दो कैच छोड़े थे। टीम बेहतर क्षेत्ररक्षण के साथ विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाने की कोशिश करेगी।

स्वत्वाधिकारी, स्वामी, प्रकाशक प्रदीप सिंह के लिए , मुद्रक ताराचन्द कुमावत, महारानी प्रिंटर्स, प्लॉट नंबर 17, मां वैष्णो देवी नगर, कालवाड़ रोड, जयपुर (राज.) 302012 से मुद्रित व 1003, सोसाइटी नगर, शहीद भगत सिंह कॉलोनी, पाली राजस्थान 306401 से प्रकाशित (सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र जयपुर होगा)। समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No.: RJMUL/26/A4290, प्रबंध सम्पादक- प्रदीप सिंह, मो.नं. 9983831415